Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 92 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 23 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दिशाबोध पहले होता है, दिशा का अनुभव बाद में।

First comprehension direction occurs and than the sense of direction is experienced.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार


### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे पर भारत को मिला नायाब तोहफा

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिका ने 297 प्राचीन वस्तुएं सौंपी हैं। इस प्रकार 2014 से भारत द्वारा बरामद की गई कुल प्राचीन वस्तुओं की संख्या 640 हो गई है। अकेले अमेरिका ने 578 वस्तुएं वापस की हैं। इस उपलब्धि को भारत द्वारा अपनी सांस्कृतिक विरासत को कायम रखने के तौर पर देखा जा रहा है। 2021 में अमेरिकी सरकार ने 157 पुरावशेष सौंपे थे। जिनमें 12वीं शताब्दी की उत्कृष्ट कांस्य नटराज प्रतिमा भी शामिल थी। साथ ही 2023 में पीएम की अमेरिका यात्रा के कुछ दिनों बाद 105 पुरावशेष भारत को लौटाए गए। भारत सरकार का यह अभियान अमेरिका के अलावा कई देशों तक फैला हुआ है।

### सीआरपीएफ जवानों की बस पलटी, 20 घायल

**जगदलपुर (विसं)।** आज बास्तानार घाट में सीआरपीएफ जवानों से भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के दौरान ट्रक में 20 जवान सवार थे, जिनमें से 3 जवानों को मामूली चोटें आई हैं। घायल जवानों का इलाज गीदम अस्पताल में किया गया। ये जवान 74,223,171 बटालियन से थे और दोरनापाल से बारसूर की तरफ जा रहे थे। राहत की बात यह है कि सभी जवानों की स्थिति सामान्य है, और उन्हें दूसरी सीआरपीएफ वाहन में बारसूर के लिए रवाना कर दिया गया है।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया ने बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ और जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा के साथ अमेरिका के डेलावेयर में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान कैंसर मूनशॉट इवेंट में।**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने छठे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई बैठक में बहुपक्षीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने राजनीतिक और रणनीतिक, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश, शिक्षा और अनुसंधान, जलवायु परिवर्तन और नवीकरणीय ऊर्जा तथा लोगों के बीच संबंधों जैसे व्यापक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

पीएम मोदी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ व्यापक चर्चा हुई। हम व्यापार, सुरक्षा, अंतरिक्ष और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में और अधिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत, ऑस्ट्रेलिया के साथ समय की कसौटी पर खरी उतरी दोस्ती को बहुत महत्व देता है।

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने माना कि उच्च स्तरीय संपर्कों की फ्रीक्वेंसी ने द्विपक्षीय संबंधों को एक मजबूत गति प्रदान की है। मई 2022 के बाद से यह उनकी नौवीं व्यक्तिगत बातचीत थी। दोनों नेताओं ने 2020 में स्थापित भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

सीएसपी आपसी समझ, विश्वास, साझा हितों और लोकतंत्र तथा कानून के शासन के साझा मूल्यों पर आधारित है। दोनों देश एक खुले, स्वतंत्र, नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को साझा करते हैं, जिसे समावेशी वैश्विक और क्षेत्रीय संस्थाओं द्वारा समर्थन प्राप्त है, जो साझा हितों के आधार पर समृद्ध, स्थिर और संप्रभु राज्यों को बढ़ावा देते हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले पीएम मोदी ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की और भारत-जापान संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने रक्षा और सुरक्षा संबंधों और व्यापार-से-व्यापार तथा लोगों-से-लोगों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

### मेजबानी के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन का धन्यवाद : नरेंद्र मोदी

**न्यूयार्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अभूतपूर्व स्वागत के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने एक्स पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कहा कि दोनों की बातचीत सफल रही। एक्स पोस्ट में लिखा, मैं राष्ट्रपति बाइडेन को ग्रीनविले, डेलावेयर में अपने निवास पर मेरी मेजबानी करने के लिए धन्यवाद देता हूं। हमारी बातचीत बेहद फलदायी रही। बैठक के दौरान हमें क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने 297 अमूल्य पुरावशेषों को भारत को वापस लौटाने के लिए भी उनका धन्यवाद देते हुए लिखा, सांस्कृतिक जुड़ाव को गहरा करना और सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करना। मैं राष्ट्रपति बाइडेन और अमेरिकी सरकार का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने 297 अमूल्य पुरावशेषों को भारत को वापस लौटाया।

## श्रीलंका की सियासत में बड़ा उलटफेर, मार्क्सवादी नेता दिसानायके होंगे नए राष्ट्रपति

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को भारी बढ़त मिली है। वे श्रीलंका के अगले राष्ट्रपति बन सकते हैं। श्रीलंका के चुनाव आयोग के मुताबिक दिसानायके ने अब तक गिने गए 10 लाख वोटों में से लगभग 53 फीसदी वोट जीते हैं। विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा 22 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर और राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे तीसरे स्थान पर हैं। चुनाव में कुल 75 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किया गया। अनुरा कुमारा दिसानायके की पार्टी का नाम जनता विमुक्ति पेरेमुना है।

## शासकीय विभागों में नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर देने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेकर विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती को मंजूरी दे रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पदों की भर्ती के प्रस्ताव को हरी झण्डी दी गई है। इसके तहत राष्ट्रीय आजीविका मिशन में 237 पदों पर नई भर्ती की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में भर्ती के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसमें राज्य स्तर के कुल 09 और जिला स्तरीय 228 पद शामिल हैं। राज्य स्तरीय पदों में सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (वित्तीय प्रबंधन), सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (फार्म आजीविका), प्रोग्रामर व लेखापाल के एक-एक पद एवं भृत्य के दो पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। जिला मिशन प्रबंधन इकाई के 228 पदों में जिला मिशन प्रबंधक के 02, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के विभिन्न 21, विकास खण्ड परियोजना प्रबंधक के 23 पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय समन्वयक के 98, लेखापाल के 10 एवं लेखा सह एमआईएस सहायक के 49, कार्यालय सहायक, ऑपरेटर के 17 और भृत्य के 8 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इन पदों पर भर्ती होने से मिशन की योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा, जिससे ग्रामीण समुदायों को सीधा लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा हाल में ही पीएचई में इंजीनियर्स सहित 181 पदों और स्वास्थ्य विभाग में 650 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी गई है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से खत्म कर देंगे : अमित शाह



**श्रीनगर (पीआईबी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से खत्म कर देंगे। अमित शाह रविवार को भाजपा प्रत्याशी रविंद्र रैना के समर्थन में प्रचार करने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा पहुंचे। उन्होंने जनसभा में प्रमुख रूप से आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस और फारूक अब्दुल्ला को घेरा।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आतंकवाद अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में घाटी की जनता से रविंद्र रैना के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा, अगर घाटी की जनता रैना के समर्थन में मतदान कर उन्हें विजयी बनाएगी, तो हम नौशेरा घाटी में विकास की नई मिसाल कायम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने आतंकवाद का जिक्र कर जम्मू- कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब्दुल्ला साहब, आप चिंता मत कीजिए, चुनाव संपन्न होने के बाद हम लोग श्वेतपत्र लेकर आने वाले हैं, जो कांग्रेस को, आपको और मुफ्ती परिवार को पूरी तरह से एक्सपोज करेगा। आखिर आतंकवाद घाटी में कौन लेकर आया? किसकी शह पर आया? उस वक्त केंद्र में किसकी सरकार थी और घाटी में किसका शासन था? किसने आतंकवादियों के साथ बिरयानी खाई थी? यह पूरा कच्चा चिट्ठा हम खोलकर रखने वाले हैं। हाल ही में कांग्रेस के पूर्व गृह मंत्री शिंदे ने कहा था कि पहले उन्हें लाल चौक जाने से डर लगता था। अब आप देखिए देश का पूर्व गृह मंत्री लाल चौक पर जाने से डरता है। कोई बात नहीं शिंदे साहब। अपनी-अपनी फितरत होती है, लेकिन मैं अब गृह मंत्री हूं, मैं आपसे कहता हूं कि आप पोते-पोतियों के साथ लाल चौक जाइए, आपका कोई बाल भी बांका नहीं कर पाएगा। अमित शाह ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, यह पार्टी घाटी में फिर से आतंकवाद को स्थापित करना चाहती है। घाटी के लोग आज की तारीख में चैन की नींद सो रहे हैं। चौतरफा शांति की बयार बह रही है, लेकिन कांग्रेस की मानसिकता देखिए कि वो फिर से घाटी में आतंकवाद को वापस लाना चाहती है, लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जब तक केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है, तब तक कांग्रेस का यह ख्वाब किसी भी कीमत पर मुकम्मल होने वाला नहीं है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को लेकर भी फारूक अब्दुल्ला पर निशाना साधा। कहा, फारूक अब्दुल्ला बोलते हैं कि वो जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लाकर रहेंगे, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर इनकी तीन पीढ़ियां भी गुजर जाएंगी, तो भी उनका यह ख्वाब पूरा नहीं होगा।

## 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के छठवें दिन वेस्ट रिसायकल थीम पर स्वच्छता आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम के साथ स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के छठवें दिन आज वेस्ट रिसायकल थीम पर स्वच्छता आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रायपुर मंडल के स्टेशनों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई गई। इसके अंतर्गत वेस्ट मटेरियल से बने मॉडल्स बनाए गए जिसमें रेल कर्मचारियों द्वारा वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके स्वच्छता से संबंधित विभिन्न मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया गया। स्टेशनों और रेल परिसरों की सफाई के साथ ही वेस्ट मटेरियल के सही प्रबंधन के लिए जागरूकता भी फैलाई गई।

इस कार्यक्रम के तहत रेलवे स्टेशनों, रेल परिसरों और अन्य संबंधित क्षेत्रों में स्वच्छता अभियानों को बढ़ावा दिया गया। वेस्ट मटेरियल जैसे प्लास्टिक, कागज, धातु आदि को पुनः उपयोग (रीसाइकल) करके विभिन्न उपयोगी वस्तुओं और मॉडलों का निर्माण हेतु प्रोसाहित किया गया, जिससे कचरे को कम करने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह कार्यक्रम स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और विद्यार्थियों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के सातवें दिन कल दिनांक 23 सितम्बर को रिसाईकल प्रॉडक्ट सेल थीम पर स्वच्छता आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## नक्सलवाद के खिलाफअंतिम लड़ाई, 800 नए जवान तैनात

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर के घने जंगलों में नक्सलियों से लोहा लेने के लिए सीआरपीएफ की चार नई बटालियन की तैनाती शुरू हो चुकी है. नक्सल प्रभावित दक्षिण बस्तर में कुल 3,200 जवानों की तैनाती की जाएगी. हाल ही में 800 जवानों की पहली बटालियन छत्तीसगढ़ पहुंच चुकी है.

**सुरक्षा बलों का बढ़ेगा मनोबल, नक्सल इलाके के विकास में आएगी तेजी : आईजी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को 2026 तक जड़ से खत्म करने का वादा किया था और अब बस्तर में सुरक्षा बलों की यह नई तैनाती उसी दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है. बस्तर आईजी का कहना है कि सीआरपीएफ की नई बटालियनों की तैनाती से न केवल सुरक्षा की स्थिति बेहतर होगी, बल्कि नक्सलियों के प्रभाव वाले इलाकों में विकास की योजनाएं भी तेजी से पहुंचाई जा सकेंगी.

**गांवों में आसानी से पहुंचेगी बुनियादी सुविधाएं :** आईजी ने बताया, इन जवानों को उन इलाकों में तैनात किया जा रहा है, जहां अभी तक नक्सली आतंक का दबदबा था और सिक्योरिटी वैक्युम जैसी स्थिति बनी हुई थी. अधिकारियों का मानना है कि इन जवानों की तैनाती से न केवल सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा बल्कि विकास की योजनाओं को भी सुगमता से लागू किया जा सकेगा. इसके अलावा बस्तर के सुरक्षा शिविरों के 5 किलोमीटर के दायरे में स्थित गांवों में बुनियादी सुविधाएं और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा. नक्सल एक्सपर्ट का मानना है कि सीआरपीएफ की तैनाती से सुरक्षाबलों का मनोबल बढ़ेगा और नक्सलियों पर दबाव बढ़ेगा.

## विधायक देवेंद्र यादव की रिहाई की मांग, दिनभर कांग्रेसियों ने दिया धरना, जमकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भिलाई (विश्व परिवार)।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की नि:शर्त रिहाई की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमाक 2 खुर्सीपार के कांग्रेसियों ने रविवार को खुर्सीपार गेट में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सरकार के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और जमकर कोसे। सभी ने बारी-बारी से अपना विचार प्रकट किया। दोपहर बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंप और अपनी मांग जल्द पूरा करने की मांग किए।

गौरतलब है कि विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने जेल में डाल दिया है। बलौदा बाजार मामले में विधायक से पूछताछ के लिए पुलिस ले गई थी। इसके बाद से उन्हें जेल में डाला गया है। इसके बाद से लगातार दुर्ग ?भिलाई सहित पूरे प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुर्सीपार के अध्यक्ष तुलसी पटेल की अगुवाई में एक दिवसीय धरनाप्रदर्शन किया गया। जिसमें 1 हजार से ज्यादा कांग्रेसी शामिल हुए। खुर्सीपार गेट के पास पंडाल लगाया गया। जहां सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने माइक में अपना ?विचार रखा। दोपहर तक धरनाप्रदर्शन जारी रहा। इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।अंत में तुलसी पटेल ने आभार व्यक्ति करते हुए कहा कि सतनामी समाज के निर्दोश युवाओं के साथ विधायक देवेंद्र यादव को नि:शर्त रिहा कियाजाए। वरना यह शांति पूर्ण रूप से किया जारहा विरोध प्रदर्शन के बजाए प्रदेश भर के कांग्रेसी उग्र प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती तुलसी पटेल विधायक प्रतिनिधि राकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र परगनिहा, डीकाम राजू, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राधा रमन चौबे, पूर्व विधायक प्रतिनिधि के कोटेश्वर राव, पार्षद के जगदीश कुमार पूर्व पार्षद गुड्डू खान पूर्व पार्षद संदीप हिरवानी जी जोन अध्यक्ष इरफान बब्बू शंकर राव बादल आदि उपस्थित रहे।

## जीवन में आनंद और खुशियां अपने हाथ में है : राज्यपाल रमेन डेका

**राज्यपाल शामिल हुए तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के कार्यक्रम में**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका आज तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम रायपुर द्वारा 'गुड लाइफ-गुड लक' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन में आनंद और खुशियां अपने हाथ में है। कम सुविधाओं में भी खुश रहा जा सकता है। समय का प्रबंधन भी बहुत जरूरी है।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने मुनिश्री सुधाकर एवं मुनिश्री नरेश कुमार जी के सानिध्य में अनुभव एवं ज्योतिष शास्त्र पर आधारित विशेष प्रवचन कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि दुनिया एक मंच है जिसमें सभी की भूमिकाएं निर्धारित है। जिसको निभाना है। समाज के बारे में भी हमें सोचना है। समाज ने हमको क्या दिया यह न सोचकर हम समाज को क्या दे रहे है यह सोचें। श्री डेका ने कहा कि हमे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के बारे में भी जागरूक होना है। जल की बरबादी रोकें और वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था को बढ़ावा दे। जनसंख्या और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। वर्तमान युग में सादा जीवन बहुत मुश्किल है। हमारे लिए धन केवल उतना ही जरूरी है जितना खान-पान, बीमारी, अतिथि सत्कार के लिए जरूरत है। अनावश्यक प्रतिस्पर्धा से बचना होगा। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल सही तरीके से हो इस पर ध्यान देना है। उन्होंने मोबाइल के ज्यादा उपयोग को नुकसानदायक बताया। श्री डेका ने कहा कि आज के समय में, जब हम डिजिटल युग में रह रहे हैं, हमें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सोशल मीडिया, अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, और बदलते सामाजिक मूल्यों के बीच सही दिशा में आगे बढ़ना ही हमारी सफलता का रहस्य है। हमें नई तकनीकों और साधनों का सदुपयोग करते हुए अपनी प्रतिभा और कौशल को विकसित करना चाहिए। साथ ही, हमें यह याद रखना चाहिए कि जीवन का असली सौंदर्य हमारे नैतिक मूल्यों और आत्म-संतोष में है।

## लोमड़ी के आतंक से ग्रामीण दहशत में

**लोरमी-रायपुर (आरएनएस)।** मुंगेली वनमण्डल के खुड़िया वन क्षेत्र के जंगल से लगे गांव में लोमड़ी ने बीती रात 8 से 10 लोगों को अपना शिकार बनाया है. हमले में घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. खुड़िया और लोरमी वन क्षेत्र के जंगल से लगे गांव में इन दिनों जंगली जानवरों का उत्पात का मामला लगातार सामने आ रहा है. खुड़िया वन क्षेत्र के जंगल से लगे गांव में लोमड़ी ने ग्रामीणों को अपना शिकार बनाया है. घटना की पुष्टि खुड़िया के रेंजर क्रिस्टोफर कुजूर ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए 50 बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है. इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. खासकर छोटे-छोटे बच्चों की चिंता ज्यादा है, जो घर के बाहर खेलते-कूदते रहते हैं. स्थिति को समझते हुए वन विभाग गांव में मुनादी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहा है.

## रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कल दिनांक 20 सितंबर' 2024 को दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार और उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पर्यटक अब भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का ले सकेंगे अनुभव

इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति का अनुभव कराने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के तहत भारत गौरव यात्रा के रूप में एक के बाद एक भारत गौरव यात्रा ट्रेनें जोड़ी जा रही हैं। पर्यटक अब भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का बेहतरीन अनुभव कर सकेंगे।

यह ट्रेन अपने पैकेज में अयोध्या, सीतामढ़ी, जनकपुर, काशी विश्वनाथ और पशुपतिनाथ को कवर करेगी। ठहरने और यात्रा की सभी व्यवस्थाएं भारतीय रेलवे द्वारा वहन की जाएंगी। अब तक सबसे लोकप्रिय यात्रा ट्रेनों में श्री रामायण यात्रा, श्री जगन्नाथ यात्रा, बुद्ध यात्रा, महावीर यात्रा, गुरु कृपा यात्रा, ज्योतिर्लिंग भक्ति यात्रा, अंबेडकर यात्रा, चारधाम यात्रा, पुण्य काशी यात्रा, पूर्वोत्तर खोज, उत्तर भारत यात्रा और दक्षिण भारत यात्रा आदि शामिल हैं।

## लंबी दूरी की उरयपुर-शालीमार एक्सप्रेस में लगेगा अतिरिक्त कोच

**रायपुर (आरएनएस)।** यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20971/20972 उदयपुर-शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस में एक एसी-3 इकॉनामी कोच की अतिरिक्त सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है. (उदयपुर शालीमार उदयपुर एक्सप्रेस में लगेगी एक्सट्रा कोच) अतिरिक्त कोच की यह सुविधा गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस में उदयपुर से 5 अक्टूबर 2024 से तथा 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस में शालीमार से दिनांक 6 अक्टूबर 2024 से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी. इस अतिरिक्त कोच की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिलेगी।

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान जारी




**स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता का पखवाड़ा 17 से प्रारंभ हुआ**

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** स्थानीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम जारी है। इस कार्यक्रम की थीम उच्च शिक्षा विभाग ने स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता रखा है। महाविद्यालय की छात्राओं ने साइकल स्टैंड के आस पास, महाविद्यालय परिसर से पॉलीथिन व अन्य प्रकार का कचरा उठा कर सफाई की। अगले दिन छात्राओं ने हाईस्कूल परिसर में स्थित उद्यान की सफाई की।आगे स्वच्छता रैली निकाल कर नगरपालिका भवन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया व सफाई की जिसकी प्रशंसा की गई। 20 सितम्बर को महाविद्यालय से इंदिरा कॉलोनी तक स्वच्छता रैली निकाली गई जिसमें छात्राओं के साथ बस्ती की महिलाएं, पुरुष, बच्चे व समाजसेवी लोगों नेभी अपनी भागीदारिता निभाई। छात्राओं ने स्वच्छता संबधी नारे लगाए व जन जागरूकता का कार्य किया। महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को माई भारत लोगो वाली कैप, पेन व नोटबुक दी गई। यह कार्यक्रम सतत 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा बताया गया। प्रत्येक दिन100से अधिक छात्राएं इस अभियान का हिस्सा बन रही हैं। इस अभियान को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का मार्गदर्शन मिल रहा है जिसकी जिला संगठक डॉ सुनीता त्यागिव कार्यक्रम अधिकारी रोशनी लता राकेश है। सम्पूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय के मार्गदर्शन में हो रहा है। सोनिया, शशिकला, पिंकी, ज्योति, मानसी, ढा लेश्वरी, प्रियंका, प्रतिष्ठा व एन एस एस से जुड़ी सक्रिय छात्राएं अपना विशेष योगदान दे रही हैं।

# साहू समाज के अनेक युवा अमेरिका में भी समाज और प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे : अरुण साव

**उप मुख्यमंत्री प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज दुर्ग जिले के बोरई में स्वर्गीय दाऊ उत्तम साव की पुण्यतिथि के संस्मरण में आयोजित तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज और देश को अपने पूर्वजों के बताए मार्ग पर चलकर आगे बढ़ना चाहिए। जो समाज समय के साथ चलेगा, विकास में वो आगे रहेगा। उन्होंने हाल ही में समाप्त अपने अमेरिका प्रवास के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि साहू समाज के अनेक युवा वहां भी अपनी प्रतिभा और काबिलियत से समाज और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं। ऐसे कई युवाओं से मैं अभी मिलकर आया हूं।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज सभी समाजों को साथ लेकर आगे चलने वाला समाज है। हम सभी को संगठित प्रयास से अपने पुरखों के सपनों को पूरा करना है। उन्होंने समाज द्वारा रखी गई मांगों को क्रमशः पूर्ण करने का भरोसा दिलाया। श्री साव ने समारोह में कला, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले साहू समाज की प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह को पूर्व मंत्री श्री जागेश्वर साहू और श्रीमती रमशीला साहू ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में श्री जगमोहन साहू ने समाज रत्न स्वर्गीय दाऊ उत्तम साव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साहू समाज के दुर्ग जिला अध्यक्ष श्री नन्दलाल साहू और दुर्ग तहसील अध्यक्ष श्री पुसऊ साहू सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान का सपना हुआ पूरा

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले पक्के आशियाने ने जीवन में लाई खुशहाली**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिला मुख्यालय कबीरधाम से 62 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पोलमी के निवासी श्री बाबूलाल के जीवन में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपना पक्का घर मिला। बाबूलाल, जो पहले कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे, बारिश के मौसम में परेशानियों का सामना करते थे। उनका पुराना घर कमजोर था, दीवारों में दरारें थीं, और छत से पानी टपकता था। हर बार मानसून का आना उनके लिए चिंता का सबब होता था। बाबूलाल की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे खुद से पक्का मकान बना सकें। उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा परिवार के दैनिक खर्चों में चला जाता था। लेकिन जब प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी उन्हें मिली, तो उन्होंने इस योजना के तहत आवेदन किया। कुछ समय बाद उन्हें योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ और उनके सपनों का घर बनने की प्रक्रिया शुरू हुई।

श्री बाबूलाल ने बताया कि उन्हे वर्ष 2023-24 में आवास बनाने की स्वीकृति दी गई, इसके बाद बाबूलाल को अपने खुद के पक्का मकान की उमीद पूरी होती दिखाई देने लगी। उन्होने बताया कि जैसे ही पहली किश्त की राशि 40 हजार का अंतरण उनके बैंक खातों ऑनलाईन डी.बी.टी. के माध्यम से किया गया वैसे ही पक्का आवास बनाने का सफर शुरू हुआ। आवास निर्माण की राशि 2 लाख रूपये के साथ-साथ बाबूलाल को महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 95 दिवस की मजदूरी भुगतान की राशि 23 हजार 850 एवं स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रूपये की राशि सहित शासन की अन्य योजनांओ का लाभ अभिषरण के माध्यम से मिला।

श्री बाबूलाल ने पक्का आवास मिलने पर साय सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं दिल से सरकार का आभारी हूँ, जिसने हमें यह अवसर दिया। यह घर मेरे लिए एक सपना था जो आज साकार हो गया है। पहले हमें कच्चे मकान में हर समय बारिश और तूफान का डर सताता था, लेकिन अब हम सुरक्षित और आरामदायक घर में रह सकते हैं। बाबूलाल बताते हैं, ये घर मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना था। सरकार की इस योजना की वजह से आज मैं अपने परिवार के साथ चौन से रह सकता हूँ। अब बारिश या तूफान की चिंता नहीं रहती। मेरे बच्चे अब सुरक्षित और सुखद माहौल में रह सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले इस पक्के आशियाने ने हमारे जीवन में स्थिरता और खुशहाली ला दी है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय का धन्यवाद करता हूँ।

# क्षेत्र में बीएसएनएल सेवा बहाल करने सौंपा ज्ञापन

**राजिम ( विश्व परिवार )।** क्षेत्र में बीएसएनएल सेवा बहाल करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गरियाबंद जिला इकाई के संयोजक मदन लाल साहू के नेतृत्व एवं प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही के उपस्थिति में राजिम विधायक रोहित साहू को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन में कहा है कि आज के दौर में मोबाइल व इंटरनेट जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। विद्यार्थियों की स्कूल कॉलेज की पढ़ाई से लेकर नामांकन फार्म, छात्रवृत्ति हो या किसानों, मजदूरों व आम नागरिकों की बैंकिंग व्यवस्था बिना मोबाइल व इंटरनेट के संचालित नहीं हो पाती है और कमोबेश घर के प्रत्येक सदस्य इसका इस्तेमाल करते हैं। लेकिन सरकारी कंपनी बीएसएनएल का टावर और रेंज कम होने के कारण उपभोक्ताओं को निजी संचार कंपनियों के लूट का शिकार होना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति होती है कि जितनी राशि महीने में घर की बिजली का बिल भुगतान नहीं करते उससे दुगुना तिगुना मोबाइल का बिल भरना पड़ता है।

# छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट 2024 : अ प्री लोकमंथन एडिशन इवेंट का किया जाएगा आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर और विबग्योर (एन.ई. फाउंडेशन) को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 3 से 5 अक्टूबर, 2024 तक रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट (लोक बियॉन्ड फोक) का आयोजन किया जाएगा। पहले ये कार्यक्रम 26 से 28 सितंबर के लिए प्रस्तावित था लेकिन अब इसकी तारीखों में परिवर्तन किया गया है। प्रतिष्ठित लोकमंथन 2024 का अग्रदूत यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ की समृद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और उसे बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में आयोजित किया जाएगा, जो हमारी स्वदेशी परंपराओं में निहित हैं।

लोकमंथन के पहले चरण के रूप में, छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट स्थिरता, पर्यावरण चेतना और क्षेत्र की स्वदेशी परंपराओं में गहराई से अंतर्निहित सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की विविध प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना है, और इस विरासत को बनाए रखने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल देना है। विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से, यह सम्मेलन स्वदेशी लोगों की बहुमुखी टिकाऊ प्रथाओं और पर्यावरण पर उनके दृष्टिकोणों का पता लगाएगा, और प्रतिभागियों के लिए सीखने के अवसर प्रदान करेगा।

इस सम्मेलन में गैर-लकड़ी वन उत्पादों के सतत औद्योगिकीकरण के लिए वन नीति, वन संरक्षण के लिए सामुदायिक मॉडल, वानिकी क्षेत्र के लिए कार्बन क्रेडिट, औषधीय पौधों और मशरूम के सतत उपयोग में तकनीकी प्रगति, वन प्रबंधन में रणनीतिक योजना, टिकाऊ शहरों के लिए शहरी वानिकी, वन संरक्षण के लिए एक उपकरण के रूप में इकोटूरिज्म और वन-निवासी समुदायों के विकास के दृष्टिकोण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सेमिनार और पैनल डिस्कशन आयोजित होंगे।

इन सेमिनारों के अलावा, छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट में लाइव लूम वॉक-थ्रू, छत्तीसगढ़ के स्वदेशी व्यंजन, ओपन-एयर लाइव प्रदर्शन, स्वदेशी धुन और नृत्य, वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति, स्वदेशी कहानी के माध्यम से लोकगीत, कठपुतली शो, स्वदेशी मंत्रोच्चार, हरित उद्यम और स्वदेशी टैटू का प्रदर्शन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट 2024 में उपस्थित लोगों को विचारों का आदान-प्रदान करने, ज्ञान प्राप्त करने और विभिन्न हितधारकों के साथ साझेदारी स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान प्रतिभागी नीति निर्माताओं, हरित पेशेवरों और नवोदित उद्यमियों के साथ नेटवर्क बनाएंगे, हरित प्रथाओं, उत्पादों और सेवाओं को अपनाने में उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगे।

यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ की समृद्ध पारिस्थितिक और सांस्कृतिक विरासत में भाग लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा, जो क्षेत्रीय विरासत को आगे बढ़ाने एक स्थायी भविष्य में योगदान देगा। इस अदभुत सम्मेलन से जुड़ी अन्य जानकारी इसकी वेबसाइट httpsÑ//www.cggreensummit.in/ पर प्राप्त की जा सकती है।

# सांसद विजय बघेल एवं विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने किया मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

**तीन दिवसीय प्रदर्शनी से बढ़ाई जाएगी जागरूकता**




**भिलाई ( विश्व परिवार )।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, रायपुर द्वारा मंगल भवन, नगर निगम भिलाई-चरोदा, जिला दुर्ग में 21 से 23 सितम्बर, 2004 तक। राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ, दुर्ग लोक सभा के सांसद श्री विजय बघेल एवं अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयुक्त नगर निगम।डीएस राजपूत, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका श्री रामखिलावन वर्मा, पार्षद फिरोज फारुकी, सुशांत वर्मा , श्रीमती सुषमा जेठानी, दिलीप सिंह पटेल, सतीश साहू, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती किरण मघाड़े, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रचार श्रीमती आशा जैन, शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्पना देशपांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री विजय बघेल ने कहा कि वर्तमान समय में अपने आहार के बारे में विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ऐसा देखा जा रहा है कि कम उम्र के लोगों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी बढ़ती जा रही है, इसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी है। इस तरह के आयोजन से लोगों को पोषण और स्वास्थ्य के विषय में भली भांति जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि स्वस्थ नागरिकों से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होगा। इस अवधारणा को पूरा करने के लिए मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी बहुत अच्छा माध्यम है। इस अवसर पर विधायक श्री डोमनलाल कोरसेवाड़ा। ने कहा की राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन से लोगों को अपने खान-पान और स्वास्थ्य के बारे में अच्छी जानकारी मिलेगी। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो, रायपुर के क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी श्री। शैलेष फाये ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह पर तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी में चित्रकला भाषण निबंध रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के साथ ही ब्यूरो के पंजीकृत सांस्कृतिक दलों द्वारा की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। श्री फाये ने बताया कि इस आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग ,महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को एकत्र कर विभिन्न आयोजन कराए जा रहे हैं।

**स्वच्छता शपथ और जागरूकता रैली :** आयोजन के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सांसद श्री विजय बघेल ने उपस्थित जन को स्वच्छता शपथ दिलवाई और स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों को लेकर एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सही पोषण देश रोशन नारे लगाते हुए छात्र-छात्राओं ने भिलाई तीन की बस्तियों में घूम कर पोषण संदेश दिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं :** रैली के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय सही पोषण देश रोशन रखा गया था साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता जिसका विषय पोषण आहार एवं स्वच्छता रखा गया था इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दल स्वर धारा के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पोषण पर संदेश दिए।

**पोषण आहार प्रदर्शनी :** कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार संबंधी प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर बेटियों ने किया रक्तदान, दिया संदेश




**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर बेटियों के द्वारा रक्तदान किया गया जिसमें ग्रामीण अंचल की बेटियों ने भी रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा ही माधव सेवा के कहावत को चरितार्थ करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन में अध्ययनरत होते हुए बड़ी हिम्मत व हौसला के साथ जरूरतमंद लोगों के लिए स्वेच्छा से खुशी खुशी रक्तदान किया। समीपस्थ ग्राम जौन्दी की रोली साहू बीए एलएलबी फोर्थ इयर की होनहार छात्रा ने भी हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाऊंडेशन रायपुर के बैनर तले आयोजित रक्तदान शिविर में आज रक्तदान किया। बेटियों ने रक्तदान कर लोगों को भी रक्तदान करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए।

# गोईंदा में स्वच्छता ही सेवा के तहत् विविध आयोजन, स्वच्छता का दिया संदेश




**आरंग ( विश्व परिवार )।** शनिवार को ग्राम पंचायत गोईंदा में जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत् स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही स्वच्छता संबंधी चित्रकला, रंगोली, नारा व जागरूकता रैली निकाली गई।जिसमें ग्रामीणो, शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं व ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस अवसर पर स्वच्छता दीदियों द्वारा ग्राम के चौंक चौराहों की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्राम के सरपंच, पंचगण विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति व सहभागिता रही। स्वच्छता अभियान के तहत् विविध गतिविधियों के आयोजन संयोजन में पीओ मनरेगा शाखा से अनिल चंद्राकार, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी, ग्रामीण एडीईओ छत्रधारी सोनकर, पुरण कोशले, सचिव गोवर्धन साहू की अहम् भूमिका रही।

# कैट का स्वस्थ व्यापारी-स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कैट ने स्वस्थ व्यापारी-स्वस्थ व्यापार के पोस्टर का विमोचन किया**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की मिटिंग कैट के प्रदेश कार्यालय में हुई। मिटिंग में सहमति बनी कि कैट द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थय शिविर का आयोजन दिनांक 24.09.2024 दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय, सी.-1, ई.ए.सी. कॉलोनी, केनाल रोड, आक्सीजोन गार्डन के पास किया जायेगा है।

कैट सी. जी. चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी रहेगें। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो के द्वारा जांच किया जायेगा। जिसमें शहर के जाने माने डॉक्टर्स जैसे : हृदय रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ सहित जनरल मेडिसीन के विशेषज्ञ डॉक्टरो की नि:शुल्क सेवा प्रदान की जायेगी। कैट सभी व्यापारी बन्धुओ से अपील करती है, कि इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले और, अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराकर स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

मिटिंग में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप जितेन्द्र दोशी, मगेलाल मालू, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, सुनील धुप्पड, जयराम कुकरेजा, नरेश कुमार पाटनी, विजय जैन, नागेन्द्र कुमार तिवारी, सतीश श्रीवास्तव, अमीत गुप्ता, शैलेन्द्र शुक्ला, भुपेन्द्र सिंह, गिरीश पटेल, रौनक पटेल, मितेश पटेल, प्रकाश कोसाकर एवं सुरेश वासवानी आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./14709/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 21-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14709**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G0241A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PUSHPA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUMAR SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAHENDRA KUMAR SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O PUNARAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./14708/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 21-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14708**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G0241B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PUSHPA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUMAR SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मेसर्स त्रिसक्ति बिल्डकॉन द्वारा 1. अशोक साहू S/O पुनाराम साहू 2 जानकी साहू D/O रामअवतार साहू 3 सरिता साहू D/O संतोष साहू 4 सुरेखा साहू** पिता/पति श्री/श्रीमती **D/O गोपाल साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./14691/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 21-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14691**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F00753** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KAUSHAL SONKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIJAY SONKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MEENA KUNWAR RAJPUT** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SOHAN SINGH RAJPUT** गोपाल साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 445 दिनांक 19.09.2024**
**वार्ड का नाम-मो. अब्दुल रउफ वार्ड**
**वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 28 मांग **पंजी क्र. 141 युआईडी 25798** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अब्दुल बरकत खान / समीमद्दीन खान** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **शेख रईसुद्दीन/ शेख कमरूद्दीन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **18-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर रविवार 22 सितंबर 2024



# समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चोंके लिए प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-जिला कलेक्टर सूरजपुर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश नंदनी साहू के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु प्रधान पाठकों शिक्षकों एवं व्याख्याताओं का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर के सभा कक्ष में किया गया। 2 दिन तक चले इस प्रशिक्षण में प्रथम दिवस प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के 124 तथा दुसरे दिन हायर सेकेंडरी स्कूल के 122 अर्थात कुल 246 प्रशिक्षणार्थी जिसमें प्रधान पाठक,शिक्षक, व्याख्याता एवं पालकों ने हिस्सा लिया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस समावेशी शिक्षा प्रभारी शोभनाथ चौबे द्वारा समावेशी शिक्षा के सभी पहलुओं पर सहविस्तार प्रकाश डाला गया साथ ही प्राचार्य श्री आशीष कुमार भटटाचार्य द्वारा पेरिस ओलम्पिक 2024 मे दिव्यांगों की उपब्धि बताते हुए उनके जीवन से अनुकरणीय पहलुओं के बारे में बताया गया।प्रशिक्षण को आगे बढाते हुए मास्टर ट्रेनर्स श्री प्रमोद कुमार




टण्डन एवं श्री किशोर कुमार मुखर्जी श्रीमती राधा नंदी (बी0आर0पी समावेशी शिक्षा) के द्वारा प्रशिक्षण के निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार समावेशी शिक्षा की गतिविधियाँ, चिन्हांकन हेतु प्रश्नावली, दिव्यांग बच्चों से व्यवहार के तरीके, दिव्यांगता के 21 प्रकार, नई शिक्षा नीति, एवं समावेशी शिक्षा की अवधारणा, नि:शक्तजन अधिकार अधिनियम 2016, दिव्यांगजनों की जीवन बेहतर बनाने की कबायद, समावेशी शिक्षा की उद्देश्य एवं पालक/अभिभावक की भूमिका, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अधिसूचना की जानकारी आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर राम ललित पटेल डीएमसी शशिकांत सिंह सहायक संचालक शिक्षा रविंद्र सिंह देव सभी प्रशिक्षक हाथियों को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।कार्यशाला में जिले के सभी विकास खण्डों से आए बी0आर0पी0 समावेशी शिक्षा कमशः विनोद कुमार यादव, श्री रमाकांत नर्मदा, श्रीमती इन्दुवती तिग्गा तथा स्पेशल एजुकेटर समावेशी शिक्षा में कु0 नीलम पटेल, कु0 कविता सिंह, एवं योगेश चन्द्राकर उपस्थित थे।भोजन एवं अन्य समुचित व्यवस्था हेतु श्री हर्ष नारायण शर्मा प्रधान पाठक मा0शा0 जयनगर, गौरीशंकर पाण्डेय जन शिक्षक विश्रामपुर का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर साहब हमारे लिए भगवान हैं, वही हमारी समस्याओं का करेंगे समाधान

### आदिवासियों ने सड़क के लिए किया प्रदर्शन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर साहब हमारे लिए भगवान हैं,वही हमारी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। कुछ ऐसी ही उम्मीद लिए दूरस्थ ग्रामीण अंचल के आदिवासियों ने सड़क के लिए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।चक्का जाम आंदोलन किया जो 12 घंटे अनवरत जारी रहा। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के 3 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को कटघोरा से पेंड्रा रोड स्टेट हाईवे पर ग्राम बिंझरा के पास चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम होने से सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहनों की कतार लग गई। कतार में खड़ी बसों के यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। 12 घंटे बाद चक्काजाम आंदोलन समाप्त हुआ। पंडो जनजाति के लोग देर शाम एसडीएम तुलाराम भारद्वाज के आश्वासन के बाद माने। जल्द ही समस्या का निराकरण करने का भरोसा दिया तब जाकर आंदोलन खत्म किया और जाम में फंसे यात्री बस और चार पहिया वाहनों के सवार महिला, बच्चे और परिजनों ने काफी परेशानी के बाद राहत महसूस की।इस दौरान पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बता दें कि इससे पहले पोड़ी उपरोड़ा के तहसीलदार द्वारा लिखित में ग्रामीणों को 15 दिनों का समय देते बताया गया था कि मौजूदा समस्याओं को जल्द ही दूर किया जाएगा लेकिन ग्रामीण एसडीएम की अनुपस्थिति से नाराज होकर चक्काजाम पर बैठे रहे। धरना प्रदर्शन में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला जहाँ पंडो व बिरहोर ग्रामीण महिलाओं ने कलेक्टर अजीत बसन्त की तस्वीर की पूजा करते हुए मांग पूरी करने के लिए गुहार लगाने लगीं। ग्रामीणों ने कहा कि कलेक्टर हमारे भगवान हैं और वही हमारी समस्या को दूर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हमारी तीन पीढ़ियां गुजर गई लेकिन समस्याएं यथावत बनी हुई है। ग्रामीणों की मांगों पर पोड़ी उपरोड़ा तहसीलदार विनय देवांगन ने आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी की जाएंगी।

# पत्रकारों ने पांच पेड़ पुरखों के नाम अभियान का आयोजन किया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पीपुल्स मीडिया समूह के तत्वावधान में पांच पेड़ पुरखों के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन बालको अल्युमिनियम कामगार संघ (ऐक्टू) के परिसर में हुआ, जहाँ अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक परंपराओं को संजोना है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार अपने पूर्वजों के नाम पर पांच पेड़ लगाता है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर बल देते हुए अतिथियों ने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण को सहेजा जा सकता है, बल्कि यह हमारे पूर्वजों की स्मृतियों को भी जीवित रखने का एक सुंदर तरीका है। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने इस अभियान को एक अनूठी पहल बताते हुए इसकी सराहना की। इस महाअभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पेड़ लगाए गए, जिनमें आम, पीपल, नीम और अशोक जैसे वृक्ष शामिल थे। इन पेड़ों को पर्यावरण के अनुकूल माना जाता है, और इनसे आने वाले समय में पर्यावरण को कई लाभ होंगे। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बाल्को थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह, युवा जागृती अध्यक्ष विकास डालमिया, बाल्को वन परिक्षेत्र बीड गार्ड चेतन ध्रुव, ट्रेड यूनियन सिटु प्रदेश अध्यक्ष एस. एन. बनर्जी, गौ सेवा संयोजक लालिमा जायसवाल, काम काजी संगठन नकुल देव अहिरवार एवं जिले के पत्रकार साथी उपस्थित हुए।

# पोषण रथ बच्चों के पौष्टिक आहार और समय पर टिकाकरण करवाने की दे रही जानकारी

**जशपुर(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय बच्चों को पोष्टिक आहार देने और समय पर टीकाकरण करवाने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत संचालित वजन त्यौहार के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए गांव गांव में पोषण रथ का संचालन किया जा रहा है। पोषण रथ द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को पौष्टिक आहार, टीकाकरण, एनीमिया एवं उससे बचने के उपाय, आयरन फोलिक एसिड की गोली लेने, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं के सम्पूर्ण देखभाल, डायरिया से बचने के उपाय इत्यादि के संबंध वीडियो महिलाओं एवं अन्य लोगों को दिखाया गया। ज्ञात हो कि पोषण रथ जशपुर जिले में निरंतर गांव गांव घूमकर लोगों को जागरूक और प्रसार कर रही है। उल्लेखनीय है कि जिसमें 12 से 23 सितम्बर तक चलने वाले वजन तिहार में बच्चों के वजन में बढ़ोत्तरी को मापने के साथ ही सामुदायिक जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। पोषण माह के तहत सुपोषण चौपाल, अन्नप्राशन दिवस, परिवार चौपाल, पोषण मेला, व्यंजन प्रदर्शन जैसे आयोजन पंचायत और शहरी क्षेत्रों में किए जा रहे हैं। पोषण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए स्कूलों में नारा लेखन, निबंध, चित्रकला और दीवार लेखन प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित किये जा रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं को 0 से 6 साल के बच्चे, किशोरी बालिकाओं के खान-पान और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बताया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार भोजन में शामिल करने का आग्रह किया जा रहा है।

# समूह अध्यक्ष फर्जी दस्तख़त के सहारे चला रही है सपकरा पंचायत कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान

### समूह के सदस्य शिकयत करने पहुंचे एसडीएम कार्यालय

**गोपाल सिंह विद्रोही/ सुरजपुर ब्यूरो** - सुरजपुर जिला के सुरजपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सपकरा के शासकीय उचित मूल्य दुकान सपकरा के दुकान क्रमांक 392009018 है जो दस सदस्यों से बनी है।लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह ही वर्षों से संचालन कर रही है उसी समुह के सदस्यो ने अपने ही अध्यक्ष के ऊपर राशन वितरण में गड़बड़ी, फर्जी दस्तखत कर बैंक से लेनदेन, राशन वितरण



करते समय लोगों से दुर्व्यवहार, का आरोप लग रही है जो लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष के द्वारा अपने ही सदस्यों को समूह से निकालने संबंधित मामलों को लेकर समूह के बाकी सदस्य ज्ञापन सौंपने पहुंचे एसडीएम कार्यालय पहुंचे

आरोप है कि अध्यक्ष के द्वारा दो वर्षों से राशन वितरण कर रही हैं अध्यक्ष हम लोगों कि फर्जी दस्तख़त कर लगातार कइ महीनों से बैंक से लेनदेन करती रही है साथ ही 1 वर्ष से न ही बैठक में बुलाती है न राशन वितरण कि फायदा मुनाफा की जानकारी देती है और न ही खाता - बही कि जानकारी देती है कुछ दिनों पूर्व राशन वितरण में कमी आने पर सभी सदस्यों की राशन को भी लोगों में वितरण कर दी है और हम लोगों के साथ दुर्व्यवहार भी की धमकी देते हुए समूह से निकल भी दी है जिससे हम लोग अध्यक्ष के प्रति अविश्वास प्रस्ताव जताते है। इन लोगों ने सभी संबंधित शिकायतों के साथ एसडीएम जगन्नाथ वर्मा से न्याय की गुहार लगाई है।

# अध्यक्ष बीजू दासन के निधन पर शोक सभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि

### अंतिम संस्कार का लाइफप्रसारण देख गमगीन हुए लोग

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** -भटगांव जरही के लोकप्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष बीजू दासन के आकस्मिक निधन पश्चात पुरे क्षेत्र मे शोक की लहर है। आज उनका अंतिम संस्कार केरल राज्य के उनके कस्बे मे रीतिरिवाज के साथ हुआ जिसका लईवा प्रसारण जरही एवम भटगांव के लोगों ने देखा।

हर वर्ग समाज तथा दल में लोकप्रिय बीजू दासन को जगह जगह दुखी मन से लोग श्रद्धांजलि दे रहें है।

नगर पंचायत जरही अध्यक्ष बीजू दासन की आकस्मिक मृत्यु पर हर कोई दुखी है।स्व बीजू दासन की आकस्मिक निधन के बाद गुरुवार को उनके चाहने वाले लोगो ने श्रद्धांजलि सभा और शोक रैली का आयोजन किया गया।फूलो से सुसज्जित वाहन मे उनकी फोटो रख कर नगर पंचायत जरही परिसर से रैली निकाली गई। शोक सभा वाली रैली सबसे पहले नगर पंचायत अध्यक्ष बीजू दासन के निजी निवास वाले वार्ड मे गई वहां से श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

वहां से श्रद्धांजलि रैली नगर पंचायत जरही के सभी वार्डो से वार्डो से तथा एसईसीएल कॉलोनी से गुजरी जहाँ महिलाओं,पुरुषों, युवाओं में नाम आंखों से अपने अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा उनके किए गए कार्यों की सराहना किया और उन्हें एक



दूरदर्शी लीडर बताया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेम राजवाड़े, पूर्व एल्डरमैन भोला सिंह, पूर्व पार्षद दिवाकर सिंह, समाजसेवी अफरोज खान, रविंद्र सिंह, सरवर अली, देवेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, राकेश सिंह, हिमांशु सिंह, शशि रंजन, नेहरूलाल, लालबाबू, नितेश सिंह, हसनैन खान, मोहम्मद इरफान, ओ पी सिंह, सूरज सिंह, सौरभ सिंह, शिवरंजन, संकेत, अंकित, प्रियांशु, बंटी, अभिषेक सिंह, अफजल, शहादत अली, सुशिल सिंह, राहुल शर्मा, नागेंद्र सिंह, कामेश्वर राजवाड़े, साहिल मंडल, अभिषेक जायसवाल, रेवा ठाकुर, सुमित सोनी, राहुल जायसवाल, छोलू सिंह, प्रकाश गुप्ता, आलोक गर्ग, बीरू यादव, गुड्डु, सौरभ मंडल समेत अन्य लोग उपस्थित थे

स्व दासन की लोकप्रियता और मिलसार स्वभाव का ही परिणाम दिखा कि चाहे कांग्रेस हो,गोंडवाना हो, या भाजपा के नेता हो सबने नम आँखो से स्व बीजू दासन को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने नगर वासी व आस पास क्षेत्र की जनता कार्यालय पहुंचे और श्रद्धासुमन अर्पित किये।

**भटगांव में भी दी गई जारी नगर पंचायत अध्यक्ष बीजू दर्शन को श्रद्धांजलि-** जरही नगर पंचायत अध्यक्ष बीजू दासन के आकस्मिक निधन पर नगर पंचायत भटगांव के गांधी प्रतिमा के सामने श्रद्धांजलि सभा आयोजित करके उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र सिंह देव, संजय सिंह, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश महासचिव अफरोज खान, पार्षद सुखदेव राजवाड़े,अभिषेक श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद ताहिर राजा, कांग्रेस नेता बी के सिंह,पूर्व पार्षद बबीता सिंह, संजीव सेठी, मनोज साहू, मुन्ना रंगरेज,कृष्ण चक्रवर्ती,पार्षद मनीषा सिंह,रजिया,शैलेश जैन,महेंद्र गुप्ता,टीटू अग्रवाल,दीपक सोनी,चंदन शर्मा,संजय सिंह,प्रशांत आचार्य सहित भारी संख्या मे नागरिक मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लोन की राशि 5,29,272 रूपये गबन करने वाले ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- बीते 16 मार्च को देवेन्द्र यादव निवासी ग्राम लौदा, थाना अलीनगर, जिला चंदौली उत्तरप्रदेश वर्तमान निवासी अम्बिकापुर ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रयत्न माइक्रो फायनेंस लिमिटेड ब्रांच प्रतापपुर का ब्रांच मैनेजर अरमान अहमद के विरूद्ध लिखित आवेदन पेश किया कि शाखा कलेक्शन एवं हितग्राहियों से लिए लोन की राशि 5,29,272 रूपये को कंपनी के खाता में जमा ना कर पूरी राशि लेकर ब्रांच छोड़कर चला गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी अरमान अहमद के विरूद्ध अपराध क्रमांक 84/24 धारा 409 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना मिलते ही डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस के द्वारा आरोपी की लगातार पतासाजी की गई। इसी बीच नई तकनीक की मदद से आरोपी के बिहार में रहने की पुष्टि होने पर विधिवत् पुलिस टीम बिहार गई और वहां से दबिश देकर आरोपी अरमान अहमद पिता स्व. असगर अहमद उम्र 38 वर्ष ग्राम सुकृत उत्तरप्रदेश को पकड़ी। पूछताछ पर आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर गबन किए गए राशि में से 20 हजार रूपये व एक मोबाईल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी, रौशन सिंह व युवराज यादव सक्रिय रहे।

### भाजपा नेता इजराइल के अगुआई में सेवा पखवाड़ा के तहत हनुमान मंदिर प्रांगण में कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया



**सूरजपुर बिश्रामपुर ( दैनिक विश्व परिवार )**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पिछले 17 सितम्बर से आगामी 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा इस कार्यक्रम के तहत आज पार्वतीपुर बारह मील के पास स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण का सफाई कार्यक्रम का आयोजन शिवनन्दनपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष देवधन राम विझिया एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जशपुर जिला प्रभारी मो0 इसराईल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

भारतीय जनता पार्टी मण्डल शिवनन्दनपुर अंतर्गत बारह मील स्थित हनुमान मंदिर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चला कर मंदिर प्रांगण में सफाई कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश व जिला नेतृत्व के आवाह्न पर सेवा पखवाड़े का कार्यक्रम प्रदेश, जिला, व मंडलों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक कार्यक्रम किया जाना संगठन द्वारा सुनिश्चित किया गया है।

इस तारतम्बय में हनुमान मन्दिर प्रांगण में भाजपा मण्डल अध्यक्ष देवधन राम विझिया एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जशपुर जिला प्रभारी मो0 इसराईल के गरिमामयी उपस्थिति में स्वच्छता कार्यक्रम सम्पन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यरुप से शिवनन्दनपुर भाजपा मण्डल महामंत्री संदीप सरकार,* मंडल मंत्री भागवत प्रजापति, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन बर्मन, गौरांक मंडल, कृष्णपाल विझिया, तारक सरदार ,देवेन्द्र सोनवानी, आनन्द विश्वास, बंटेश्वर सारथी, राम कुमार यादव, मिथलेश ठाकुर, देवशरण सिंह, ब्रह्मादेव, वीरेन्द्र कुमार, रामाधार राजवाड़े कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# संपादकीय

## इस्तीफे का फैसला अप्रत्याशित

केजरीवाल का इस्तीफे का फैसला अप्रत्याशित है। वे एक तीर से कई निशाने साध रहे हैं। भ्रष्टाचार पर जवाब दे रहे हैं और सहानुभूति बटोर रहे हैं। राजनीति में मतदाताओं और अपने प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाने का या अप्रत्याशित निर्णय करने का अपना महत्व होता है। अरविंद केजरीवाल इसे बहुत अच्छी तरह से समझते हैं। तभी वे अक्सर अपने फैसलों से चौंकाते रहते हैं। याद करें कितनी मेहनत करके उन्होंने दिसंबर 2013 में कांग्रेस से तालमेल किया था। जिसके खिलाफ लड़े थे उसी के आठ विधायकों की मदद लेकर सरकार बनाई और लगा कि सब कुछ ठीक चल रहा है तो उन्होंने महज 49 दिन के बाद ही इस्तीफा दे दिया। वह इस्तीफा अप्रत्याशित था और उसके बाद फरवरी 2015 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो बहुमत मिला वह भी अप्रत्याशित था। इसी तरह से केजरीवाल के इस बार के इस्तीफे का फैसला भी अप्रत्याशित है। आमतौर पर माना जा रहा था कि वे गिरफ्तार होंगे या जेल जाएंगे तो इस्तीफा देंगे। लेकिन तब उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया और अभी जब किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी तो उन्होंने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उनका इस्तीफा कई स्थितियों का मिलाजुला प्रतिफल है। इसके पीछे पांच महीने बाद होने वाले चुनाव की रणनीति तो है लेकिन कुछ और स्थितियां भी हैं। जैसे केजरीवाल की पार्टी चाहे जो भी दावे करे लेकिन उनको पता था कि सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की जो शर्तें लगाई हैं, उससे उनके हाथ बंधे हैं। वे कोई बड़ा नीतिगत फैसला नहीं कर पाएंगे। अगर सरकार लोक लुभावन फैसले करती है तो उप राज्यपाल द्वारा रोके जाने का अलग खतरा है। ऐसे में अगर वे खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे रहते हैं तो चुनाव में जनता को जवाब देना भारी पड़ेगा। दूसरे, उनको यह अंदाजा हो गया था कि गिरफ्तारी से ज्यादा सहानुभूति नहीं पैदा हुई है इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ कर सहानुभूति हासिल करने का प्रयास किया है। उनको पता है कि विधानसभा का कार्यकाल पांच महीने से भी कम बचा है। इसलिए नाखून कटा कर शहीद होने में कोई समस्या नहीं है। वे साढ़े नौ साल से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं। एक कारण यह भी है कि वे भ्रष्टाचार के मसले पर भारतीय जनता पार्टी को जवाब देना और दिल्ली के मतदाताओं को मैसेज देना चाहते थे। दिल्ली शराब नीति केस में नाम आने और गिरफ्तारी के बाद से ही भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद छोड़ने की मांग कर रहे हैं। जेल से निकलने के बाद भी इस्तीफे की मांग थमी नहीं है। केजरीवाल ने अब इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। सो, अब वे भाजपा नेताओं के हर हमले का जवाब सकेंगे कि उन्होंने तो इस्तीफा दे दिया।

# आयुष्मान भारत: भारत की स्वास्थ्य यात्रा में एक मील का पत्थर

जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री



आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई AB PM-JAY आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में, इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। AB PM-JAY की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है, तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

### स्वास्थ्य सेवाओ की पहुंच में क्रांति

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए AB PM-JAY के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि आशा बहनों , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के




लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में, आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है। इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब ABPM-JAY ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

### विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम

ABPM-JAY की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है। आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त, इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल ?याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### समग्र स्वास्थ्य सेवा

आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है।(क्क- क्क्छड्ड के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (रू) के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक(रू स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं।

### चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना

आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए, हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है, और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### स्वस्थ भारत का सपना

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, आइए हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

जय हिन्द !

## आलेख

# नवीकरणीय ऊर्जा-भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है......

प्रल्हाद जोशी

भारत का 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विस्तार और एकीकरण पर केंद्रित है, जो सतत विकास पथ के प्रति देश की प्रतिबद्धता का एक प्रमुख घटक है। तेजी से बढ़ती आबादी के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में, भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए बढ़ती ऊर्जा खपत की मांग को पूरा करने की संयुक्त चुनौती का सामना कर रहा है। इन कारकों को संतुलित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सबसे व्यवहार्य समाधान को दर्शाती है। आत्मनो मोक्षार्थं जगदहिताय च - जो स्वयं की मुक्ति और दुनिया के कल्याण का संकेत देता है। विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद, भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचामृत पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उनमें नवीकरणीय ऊर्जा महत्वपूर्ण घटक है। देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 58 प्रतिशत और पवन ऊर्जा का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। ये लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को अनुमानित एक अरब टन तक कम करने और अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी करने के भारत के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप हैं। नवीकरणीय ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 वर्षों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे, पवन स्थापित क्षमता में चौथे और सौर क्षमता में पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है। सौर ऊर्जा क्षमता में, भारत 2014 तक केवल 12.5 गीगावॉट तक पहुंच पाया था लेकिन अब लगभग 89 गीगावॉट हासिल रहा है, जो केवल 10 वर्षों में 30 गुना से अधिक हो गई है। यहां तक कि पवन स्थापित क्षमता में भी, 10 वर्षों में 2.2 गुना वृद्धि हुई है जो 21 गीगावॉट से बढ़कर 47 गीगावॉट हो गई है। वहनीयता के मामले में, ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों के टैरिफ में 76 प्रतिशत की कमी आई है जो 2010-11 के टैरिफ 10.95 रुपये की तुलना में घटकर 2023-24 के दौरान 2.60 रुपये हो गया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और हमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में दिशा दिखाई है, जिससे अब देश को काफी लाभ मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में, ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का विकास एवं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया गया है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 200 गीगावॉट का लगभग 55 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आता है। लगभग 30 प्रतिशत का एक और बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा से आता है। भारत ने सौर मॉड्यूल के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसे कार्यक्रम भी लागू किए हैं। घरेलू सेल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भारत में हरित विकास के लिए वरदान साबित हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक उपाय इलेक्ट्रोलाइजर् के विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। भारत की हरित हाइड्रोजन की विकास गाथा प्रेरणादायक है। भारत ने कोविड से निपटने हेतु अपनी स्वयं की वैक्सीन का उत्पादन करके जो हासिल किया, ठीक उसी तरह भारत हरित हाइड्रोजन क्रांति का नेतृत्व कर रहा है।

# गैस को हरित बनाने की प्रक्रिया के लाभ

श्री आनंद कुमार झा, निदेशक (वायु प्रकल्प) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक वायु मंत्रालय



भारत सरकार संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) इकोसिस्टम के विकास के लिए बड़े कदम उठा रही है। इस क्षेत्र के लिए घोषित लक्ष्य है- प्रति वर्ष 15 एमएमटी सीबीजी का उत्पादन। यह पहल, मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन प्रणाली के एक स्थायी विकल्प स्थापित करने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन, संभावित लाभों की विस्तृत श्रृंखला अभी उभरनी शुरू हुई है। सीबीजी में भारत सरकार की नेट जीरो महत्वाकांक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। 15 एमएमटी सीबीजी, वर्ष 2030 तक सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (टी)/पीएनजी (डी) उपक्षेत्र में उपयोग की जाने वाली घरेलू प्राकृतिक गैस की सभी मांग को प्रभावी ढंग से प्रतिस्थापित कर सकता है। सीबीजी संयंत्रों में उत्पादित एफओएम के उपयोग से मिट्टी के कम हुए कार्बन स्तर को बहाल किया जा सकता है। किण्वित जैविक खाद (एफओएम) मुख्य रूप से मिट्टी में रासायनिक उर्वरक के नाइट्रोजन और फास्फोरस को बढ़ाते हुए कार्बन स्तर में वृद्धि करके रासायनिक उर्वरक के एक हिस्से को भी प्रतिस्थापित कर सकता है।

सरकार की एक पहल के रूप में शुरू हुआ यह कार्य, कई योजनाओं और शासनादेशों के साथ एक प्रमुख क्षेत्र बन गया है, जो पूरे परिदृश्य को प्रभावित कर रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बायोमास की खरीद तथा बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोड़ने के लिए वित्तीय सहायता और सीजीडी संस्थाओं के लिए अनिवार्य सीबीजी मिश्रण दायित्व की योजना की शुरुआत की है। उर्वरक विभाग ने एफओएम के लिए बाजार विकास सहायता की पेशकश की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन करता है। इसी तरह राज्य सरकारें भी रियायती पट्टे दरों पर भूमि, कच्चे माल की खरीद पर सब्सिडी, एकल खिड़की मंजूरी, भूमि आवंटन में प्राथमिकता, जैसे विभिन्न प्रोत्साहनों के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन कर रही हैं। हालांकि, इकोसिस्टम का राजस्व मॉडल अभी तक स्थिरता हासिल नहीं कर पाया है। सभी संभावित राजस्व स्रोत अभी तक अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाये हैं। एफओएम, जो एक प्रमुख सह-उत्पाद है, से अभी तक राजस्व प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कार्बन क्रेडिट व्यवस्था पूरी तरह से स्थापित नहीं है। इससे कार्बन क्रेडिट के उत्पादन और मुद्रीकरण के बारे में कुछ अनिश्चितता मौजूद है। सभी राजस्व स्रोतों का गैर-मुद्रीकरण भी उधार देने वाली एजेंसियों के लिए कुछ जोखिम पैदा करता है, जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र



के विकास को प्रभावित करता है। उत्पादित एफओएम के पूर्ण मुद्रीकरण की कमी के कारण संयंत्रों की व्यावहारिकता सुनिश्चित करने के लिए गैस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। वर्तमान में, सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित गैस को एकमात्र राजस्व अर्जित करने वाले स्रोत होने का बोझ उठाना पड़ता है। देश के कुछ क्षेत्रों में मांग से संबंधित कुछ मुद्दों के कारण, गैस का पूरा उठाव प्रभावित होता है। इससे सीबीजी संयंत्र का व्यावहारिक होना और पूरे क्षेत्र का विस्तार करना मुश्किल हो जाता है। गैस, एफओएम के साथ-साथ क्षेत्र के लिए उपलब्ध हरित विशेषताओं या कार्बन क्रेडिट से राजस्व उत्पन्न करना जरूरी है।

सीबीजी का उठाव सुनिश्चित करने पर सरकार के विशेष ध्यान के कारण कुल गैस की बिक्री, वित्त वर्ष 2022-23 के लगभग 12,000 टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 19,000 टन हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दो महीनों के उठाव के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि इस साल सीबीजी का उठाव दोगुने से अधिक हो जाएगा। हालांकि क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की असमान मांग के कारण गैस के उठाव में चुनौतियां बनी हुई हैं। सरकार ने सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोड़ने की प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए एक योजना की शुरुआत की है, ताकि संयंत्र द्वारा उत्पादित गैस का पूर्ण उठाव सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। सीबीजी ग्रिड का विकास, क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की कम मांग की समस्या पर ध्यान देगा। सीजीडी नेटवर्क के माध्यम से सीबीजी तक खुली पहुंच की अनुमति देना भी आवश्यक होगा, ताकि देश भर में वास्तविक मांग केंद्रों तक सीबीजी की आपूर्ति की जा सके। इसके अलावा, जर्मनी जैसे कुछ यूरोपीय देशों की तरह, प्रमुख पाइपलाइनों में सीबीजी की आपूर्ति से राष्ट्रीय गैस खपत वृद्धि में भी मदद मिलेगी। सरकार ने उर्वरक विपणन कंपनियों द्वारा एफओएम की बिक्री पर एमडीए की घोषणा की है। यह, बदले में, सीबीजी उत्पादकों को दिया जाता है। हालांकि, उत्पादित एफओएम की दो अनूठी विशेषताओं के कारण यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई है। सबसे पहले, हालांकि, एफओएम मिट्टी के लिए कार्बन का एक बड़ा स्रोत है, इसकी तुलनात्मक रूप से कम पोषक तत्व सामग्री, इसे किसानों को खरीद और बिक्री के सन्दर्भ में उर्वरक कंपनियों के लिए कम आकर्षक बनाती है। दूसरी विशेषता है, उत्पाद की नमी की मात्रा, जो भंडारण और परिवहन को थोड़ा मुश्किल बना देती है। इसके अलावा, किसानों के बीच अपने खेतों में कार्बन के इस समृद्ध स्रोत का उपयोग करने में उत्साह की भी कमी दिखाई पड़ती है। भारत और हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान जैसे उत्तरी भारतीय राज्यों की मिट्टी में कार्बन की मात्रा बहुत कम है। यह मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिट्टी में डाले जा रहे रासायनिक उर्वरकों के नाइट्रोजन और फास्फोरस का पूरी तरह से उपयोग करने की मिट्टी की क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। मिट्टी को कृषि के लिए उपयुक्त बनाने तथा नाइट्रोजन और फास्फोरस के अवशोषण की शक्ति बढ़ाने के लिए मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाना आवश्यक है। किसानों को प्रोत्साहित करके उन्हें इस प्रयास में हितधारक बनाना भी महत्वपूर्ण है। एफओएम के प्रभावी उठाव और खपत के लिए, यह इस रूप में मददगार हो सकता है कि सरकार मिट्टी में जमा हर टन जैविक कार्बन के लिए किसानों को बढ़ावा दे। सीबीजी उत्पादक, किसानों तक एफओएम पहुंचाने के लॉजिस्टिक्स हिस्से का ध्यान रख सकते हैं। फिर सीबीजी उत्पादकों द्वारा लॉजिस्टिक्स की लागत और एफओएम की लागत का मुद्रीकरण, उर्वरक कंपनियों को जैविक कार्बन पृथक्करण (ओसीएस) प्रमाणपत्रों की बिक्री के जरिये किया जा सकता है, जिन्हें किसानों को उर्वरक की मिश्रित बिक्री के माध्यम से नेट जीरो प्रतिबद्धताओं के लिए अनिवार्य किया गया हो। इससे न केवल मिट्टी में कार्बन की मात्रा कम होने से जुड़ी समस्या हल होगी तथा इस तरह उर्वरक सब्सिडी की आवश्यकता और बजट में कमी आएगी, बल्कि उत्पादित एफओएम का पूरी तरह से मुद्रीकरण करने में भी मदद मिलेगी और साथ ही उर्वरक क्षेत्र में उत्सर्जन में कमी का मुद्दा भी हल होगा। गैस के मामले में, सरकार सीजीडी संस्थाओं के लिए मिश्रण दायित्व लेकर आई है, जिसमें नवीकरणीय गैस प्रमाणपत्र (आरजीसी) जारी करने का प्रावधान भी शामिल है।

यह नियामक को इन आरजीसी के प्रभावी मुद्रीकरण के लिए एक व्यवस्था तैयार करने का भी प्रावधान करता है। इसके साथ ही, भारत विश्व जैव ईंधन गठबंधन को आगे बढ़ाने के लिए भागीदार देशों के साथ काम कर रहा है। भारत में उत्पादित आरजीसी के लिए एक पारस्परिक मान्यता व्यवस्था, इन प्रमाणपत्रों के निर्यात और इसके मुद्रीकरण को सक्षम करने में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हालांकि, भारत से जैव ईंधन के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध हैं, लेकिन यही बात जैव ईंधन से जुड़ी हरित विशेषताओं पर लागू नहीं होती। हरित विशेषताओं के लिए उपयुक्त मूल्य, गैस के हिस्से को अन्य गैसों- घरेलू गैस/एलएनजी, आदि जो बाजार में उपलब्ध हैं, के मुकाबले उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी रूप से बेचने में मदद करेगा। सीबीजी उद्योग के आसपास उपलब्ध होने के कारण, एलएनजी/आरएलएनजी की तुलना में, जिसमें उनके परिवहन की लंबाई पर परिवहन और कराधान लागत शामिल होते हैं, लॉजिस्टिक्स लागत भी बहुत कम होगी। अनिवार्य की गयी संस्थाएं भी सीबीजी खरीदने में संकोच नहीं करेंगी, क्योंकि इससे उनकी लॉजिस्टिक्स लागत में भी कमी आयेगी।

सीबीजी को बायो-एलएनजी में द्रवित करने तथा लंबी दूरी के ट्रक परिवहन के लिए एलएनजी के विकल्प के रूप में इसका उपयोग करने से, परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। ऐसे क्षेत्रों में स्थित बड़े संयंत्रों के लिए, जहां उत्पादित सीबीजी की पूरी मात्रा का उपभोग करने की सीमा तक सीएनजी/पीएनजी इकोसिस्टम विकसित नहीं हो पाया है, सीबीजी को बायो-एलएनजी में परिवर्तित करने तथा एलएनजी ट्रक परिवहन के लिए मांग केंद्रों तक पहुंचाने से सीबीजी की प्रभावी खपत में तथा परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। सीबीजी को तरलीकृत करने की लागत को सीजीडी संस्थाओं को आपूर्ति की जाने वाली घरेलू गैस के पूल का हिस्सा बनाकर उपभोक्ताओं पर वितरित किया जा सकता है।

सरकार प्रणाली से जुड़ी अक्षमताओं को दूर करने का प्रयास कर रही है। क्षेत्र के हरित वित्तपोषण में बहुपक्षीय विकास बैंकों का समर्थन, क्षेत्र के विकास में एक लंबा रास्ता तय करेगा। हरित ऋणों का निर्यात, न केवल क्षेत्र को स्थिरता प्रदान करेगा, बल्कि देश के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित करने में भी मदद करेगा।

ऊर्जा स्रोतों में बदलाव को अपनाने का मार्ग, हरित गैस द्वारा रोशन होने का इंतजार कर रहा है।

# जिसके हृदय में सहजता और सरलता होती है वही व्यक्ति दूसरों को क्षमा कर सकता है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** जिसके हृदय में सहजता और सरलता होती है वही व्यक्ति दूसरों को क्षमा कर सकता है और क्षमा मांग सकता है। उपरोक्त उदगार भावना योग प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने मोहता भवन में आयोजित रविवार को क्षमावाणी महोत्सव सभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि जो कषाय से भरा है, वह कमजोर है, और जो क्षमा से भरा है वह सामर्थ्यवान है।गल्तियां हर मनुष्य से होती है, उन गल्तिओं का स्वीकार करने बाला व्यक्ति ही दूसरों से क्षमा मांग सकता है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है जिनसे आपका सब कुछ समान्य चल रहा उनसे ही आप लोग क्षमा मांगते हो जब किक्षमा तो उनसे मांगना चाहिये जंहा असमान्य हो उन्होंने कहा जैन परंपरा ही एक ऐसी परंपरा है जंहा क्षमा को भी पर्व के रूप में मनाया जाता है उन्होंने कहा कि आज आप लोग क्षमावाणी मना रहे है अपने मित्रों से क्षमा मांगते है जिनसे क्षमा मांगना चाहिये उनसे नहीं मुनि श्री ने चार बातें इस संद्रभ में कही क्षमावाणी मनाना, वाणी से क्षमा मांगना, बचनों से क्षमा करना, और क्षमामय हो जाना मुनि श्री ने कहा क्षमा के अभाव में दिव्यता का प्रकाश कभी हो ही नहीं सकता क्षमा बाणी पर्व तभी सार्थक हो सकता है जब आप उन गल्तिओं को न दुहराओ पहली बात तो गल्ती होये न और हो जाऐ तो सहजता के साथ क्षमा मांग लो इस अवसर पर मुनि श्री संघान सागर जी महाराज ने संम्वोधित किया।तत्पश्चात श्री सकल दि.जैन समाज इंदौर एवं धर्मप्रभावना समिति द्वारा आयोजित क्षमावाणी पर्व को मनाया गया सभी ने एक दूसरे से क्षमा मांगी वातसल्य के साथ सभी ने सामुहिक भोज में भाग लिया आज के इस आयोजन में सभी जिनिलयों सहित इंदौर की समाज ने भाग लिया। धर्मप्रभावना समिती के मीडिया प्रभारी राहुल जैन, प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया इस महोत्सव में लगभग पांच हजार लोग शामिल हुये अध्यक्ष अशोक डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन गोधा, महामंत्री हर्ष जैन, मुख्य पुन्यार्जक मुकेश पाटौदी कोषाध्यक्ष विजय पाटौदी दिलीप गोधा, आनंद गोधा, सहित चातुर्मास कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने उत्तम क्षमा मांगते हुये चातुर्मास में हुई असुविधा के लिये यदि किसी भी कार्यकर्ता से शव्दों से कोई भूल हुई हो तो सभी से क्षमा मांगी। इस अवसर पर विधायक गोलू शुक्ला, एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति श्री मति रैणु जैन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुये सभी ने एक दूसरे से क्षमा याचना करते हुये गले मिले। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया 24 सितं मंगलवार को मुनिसंघ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की ओर प्रात:6 बजे प्रस्थान करेंगे मुनि श्री के प्रवचन एवं आहार चर्या संपन्न होगी तथा शंकासमाधान मोहताभवन में ही समय पर संपन्न होगा आप सभी से निवेदन हें कार्यक्रम में पधारें और धर्म लाभ लें। -**अविनाश जैन**

# जैन मुनि सविज्ञसागर जी महाराज का 33 दिन निर्जला उपवास उपरांत जल ग्रहण कर हुआ, दूर-दूर से उमड़ा भक्तों का सैलाब





**नैनवा ( विश्व परिवार )।** नैनवा जिला बूंदी 22 सितंबर 2024 रविवार धर्मनगरी नैनवा में शांति वीर धर्मस्थल 20 पथ महावीर जिनालय पर वर्षा योग कर रहे चतुर्थ पटाधीश सुनील सागर जी महाराज के परम पावन शिष्यों का वर्षा योग धर्म नगरी नैनवा में अपार धर्म प्रभावना से चल रहा है।

महान तपस्वी तप साधना में लीन वाले जैन मुनि सविज्ञसागर जी महाराज के 19 अगस्त से नियमित निर्जला उपवास 21 सितंबर तक जारी रहे। 33 दिन उपरांत आचार्य श्री सुनील सागर महाराज के निर्देशानुसार मुनिश्री द्वारा मात्र जल ग्रहण किया गया जिसमें संपूर्ण राजस्थान संभाग के भक्तों का ताता नैनवा नगरी में देखा गया।

वर्षायोग समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन मारवाड़ा ने,जानकारी देते हुए बताया इस समारोह को देखने के लिए1 दिन पहले से ही नैनवा में भक्तों का आना-जाना प्रारंभ हुआ जिसमें जयपुर,कोटा चाकसू निवाई बोली मदनगंज किशनगढ़, सवाई माधोपुर,

बूंदी नैनवा इंदरगढ़ देई बासी दुगारी रानीपुर सावंतगढ जजावर नगर फोर्ड आदि स्थानों से भक्त पहुंचे कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ 20 पंथ समाज के अध्यक्ष कमलकुमार जैन मारवाड़ा ने सभी बाहर से पधारे जैन भक्तों मुनि भक्तों का आभार अभिनंदन व्यक्त किया।

बाहर से पधारे मुनि भक्तो को तपस्वी मुनिराज आहार देखने का सौभाग्य सौभाग्य मिला। यह परम सौभाग्य एवं पुण्य लाभ जिनदत्त जिनेंद्र कुमार सैठी परिवार को प्राप्तहुआ। जैन गजट के की संवाददाता महावीर सरावगी ने बताया शांतिवीर धर्म स्थल पर प्रतिदिन प्रात्र 8:30 पर मुनि श्रुतेशसागर सागर महाराज क्षुल्लक सुप्रकाश सागर महाराज के प्रतिदिन मंगलमय प्रवचनों का लाभ अपार जैन बंधुओ महिलाओं प्राप्त हो रहा है। महावीर कुमार जैन सरावगी जैन गजट संवाददाता नैनवा जिला बूंदी राजस्थान से प्राप्त जानकारी।

-**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

# जैन कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी को हार्दिक धन्यवाद एवं आभार



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** जैन समाज लर्न, अर्न और रिटर्न का अप्रतिम, अद्वितीय उदाहरण है। जैन समाज का देश के विकास में मध्य प्रदेश के विकास में, जी डी पी में सर्वाधिक योगदान है अभिनंदनीय है। भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के संकल्प जैन कल्याण बोर्ड के गठन की मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी द्वारा मुख्यमंत्री निवास में आयोजित क्षमावाणी कार्यक्रम में घोषणा से जैन पंथ के अनुयायियों में हर्ष, प्रसन्नता की लहर विद्यमान है। कुशल प्रशासक सम्राट विक्रमादित्य की भाँति डॉ.मोहन यादव संस्कृति वत्सल हैं। सनातन मूल्यों को आवर्धित कर रहे हैं। जैन भी सनातन के घटक हैं।जैन कल्याण बोर्ड के गठन से जैन समाज का सर्वांगीण विकास होगा। भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी को हार्दिक धन्यवाद, साधुवाद। -**सत्येंद्र जैन**

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से खियाल दास को मिली आर्थिक सहायता

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बिलासपुर के हेमूनगर निवासी लालवानी परिवार के मुखिया खियाल दास लालवानी को किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' के तहत सहायता राशि स्वीकृत हुई है, जिससे अब उनका इलाज चल रहा है, और परिवार ने राहत की सांस ली है। लालवानी परिवार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल के लिए आभार जताया है। लालवानी परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब उनके घर के एक मात्र कमाने वाले सदस्य किडनी की गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए।

# नांदणी में आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में 24 सितंबर तक वस्तुत्व महाकाव्य पर भट्टारक संगोष्ठी

**नांदणी ( विश्व परिवार )।** अनेक ऋषी मुनीयों के तपस्या से पावन तथा प्राचीन मूर्ती के लिए सुविख्यात यह प्राचीन तीर्थक्षेत्र अनेक लोगों का श्रद्धास्थान है। पश्चिम महाराष्ट्र के कोल्हापूर जिले के शिरोळ तहसिल में नांदणी यह गांव है। कोल्हापूर से पूर्वे की ओर 35 कि. मी., बेलगांव से उत्तर की ओर 100 कि. मी., सांगली से 15 कि . मी. और जयसिंगपूर से दक्षिण की ओर 7 कि.मी. की दुरी पर नांदणी तीर्थक्षेत्र स्थित है। स्वस्तिश्री भट्टारक पट्टाचार्य जिनसेन महास्वामीजी के अधिनेतृत्व में अतिप्राचीन धर्मपीठ नांदणी में आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ का 35 वा चातुर्मास संपन्न हो रहा है। अतिशय क्षेत्र नांदणी में आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में 22 सितंबर से 24 सितंबर तक वस्तुत्व महाकाव्य पर भट्टारक संगोष्ठी का आयोजन किया हैं।

भट्टारक संमेलन यह जैन धर्म से जुड़ा एक सम्मेलन है। जिसमें जैन धर्म के मठों के स्वामीजी यानी भट्टारक महाराज जी शामिल होते हैं। भट्टारक, अपने क्षेत्र में धार्मिक प्रमुख होते हैं और उनके कर्तव्यों में धार्मिक सम्मेलनों का आयोजन करना, धार्मिक कार्यों को एकत्रित करना और प्रकाशित करना शामिल है। पहले संपूर्ण भारत में भट्टारक थे, लेकिन अब वे दक्षिण भारत तक ही सीमित रह गए हैं।

**स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी संस्थान मठ नांदणी**- नांदणी ग्राम जैनो के लिए बहोतही पूज्य माना जाता है।इसका पुराना नाम नन्दापुर था।दुसरा नाम नन्दीग्राम था। प्राचीन धरोहर की समृद्धी इसमे झलकती है। जैन धर्म के विकास और संरक्षण के हेतू भारतवर्ष में भट्टारक पीठोंकी निर्मिती हुई है। इन सभी भट्टारक पीठों में स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी मठसंस्थान नांदणी, करवीर (कोल्हापूर) यह आद्य पीठ है। प्राचीन भारत के दिल्ली, पिंनगोंडी, जिनकंची और करवीर (नांदणी) ऐसी जिनसेन मठ की परंपरा चलती आ रही है। करवीर मठ संस्थांन के कोल्हापूर, नांदणी, तेरदाळ और बेलगांव यह चार शाखापीठ है ; इसलिये जिनसेन मठ की वास्तू अतिभव्य है। नांदणी स्थित मठ का इतिहास 1300 वर्ष पूराना है। नांदणी मठ के आधीपत्य में दक्षिण महाराष्ट्र और उत्तर कर्नाटक के 743 गांव समाविष्ट है। इन सभी गांव में जैन धर्म के सभी धार्मिक महोत्सव, विधिविधान, पंचकल्याणक, धर्म का प्रसार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी के आदेश से और आशीर्वाद से सानंद संपन्न होते है। इस मठ के द्वारा नूतन जिनालयों की निर्मिती, प्राचीन और पुराणे जिनालयों का जीर्णोद्धार, धार्मिक साहित्य की निर्मिती का कार्य, धर्मप्रसार एवं समस्याओंका समाधान प.पू.जगद्गुरु स्वस्तिश्री जिनसेन स्वामीजी के मार्गदर्शन से किया जाता है। नांदणी के मठ द्वारा सार्वधर्म इस मासिक पत्रिका के माध्यम से जैन तत्त्वज्ञान का प्रचार - प्रसार कार्य होता है।



**श्री वृषभाचल अतिशय क्षेत्र**- पहले निशिदिका के नाम प्रसिद्ध क्षेत्र में 29 मई 1987 को 31 फूट उत्तुंग भगवान आदिनाथ (वृषभनाथ) की भव्य-दिव्य खडगासन प्रतिमा का निर्माण करके 22 मई से 29 मई 1988 तक समाधीस्थ (नांद्रेकर) महास्वामीजी के अधिनेतृत्व में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ तबसे यह क्षेत्र वृषभाचल तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध हुआ। हरसाल भ. आदिनाथ निर्वाण के दिन महाशिवरात्री को यहाँ पर महामस्तकाभिषेक संपन्न होता है।

**आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज जी के सानिध्यामध्ये भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव**- दिनांक 1 जनवरी 2025 से 9 जनवरी 2025 तक नांदणी में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज जी के सानिध्य में और स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक स्वामीजी के अधिनेतृत्व में संपन्न होगा। वृषभाचल पर भगवान आदिनाथ बृहन्मुर्ती के बाजु में भ. मुनीसुव्रतनाथ तीर्थंकरा की 21 फूट की पद्मासन प्रतिमा का पंचकल्याणक, नांदणी मठ में भ. आदिनाथ बस्ती के शिखर में नूतन मूर्ती का, गांव में भ. पार्श्वनाथ मंदिर के शिखर में भ. पार्श्वनाथ की प्रतिमा और स्वस्तिश्री जिनसेन मठ में मुख्य मंदिर के मुलानायक भ. आदिनाथ मंदिर के बाजू में (दक्षिण दिशा को) 9 तीर्थंकर मंदिर का निर्माण हुआ है उस 9 प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठापणा इस पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में संपन्न होगा। वृषभाचल पर (निशिदिका में ) चक्रेश्वरी देवी ( भ. वृषभनाथ जी की शासनदेवी यक्षिणी) और क्षेत्रपालजी की नूतन स्थापना होगी। यह चक्रेश्वरी मंदिर बहोतही सुंदर बन रहा है। वृषभाचलापर 24 टोक पर सम्मेदशिखरजी की प्रतिकृती बनी है। उसीके 24 वे टोक पर पावपुरी क्षेत्र का थोडे विकसितरूप देकर नूतन पावपुरी की रचना होगी।

इस पुरे ऐतिहासिक चौमासा और भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव और महामस्तकाभिषेक कार्यक्रम का प्रभावशाली अधिनेतृत्व स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी करेंगे। उनका उत्साह जैन समाज के युवाओंको प्रेरणादायक है।

-**अभिषेक अशोक पाटील**

# बच्चों ने दादागुरुदेव की पूजा की विधि सीखी और इक्किसा जाप मुखाग्र कर जाप किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को दादागुरुदेव की पूजन विधि सिखाई गई। अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। पुरस्कार के लाभार्थी श्री विवेक, यश हर्ष वीर डागा परिवार हैं। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस रविवार को सभी बच्चों ने दादागुरुदेव की पूजन विधि उसका महत्व व इक्किसा जाप का पाठ मुखाग्र याद किया, उत्साहित बच्चे प्रात: से ही पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती दुप्पटा पहन कर आते हैं, तथा अपने मधुर कंठ से गुरू भक्ति के श्लोक दासानुदास ईव सर्व देवा यदीय पादाब्जतले लुठन्ति, मरुस्थली कल्प तरु सजियात युगप्रधानों जिनदत्त सूरि के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने श्री जिनकुशल सूरि जी श्री जिनदत्त सूरि जी व श्री जिनचंद्र सूरि जी की प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। यही नहीं इस प्रयास से बच्चो के माता पिता भी प्रात: से ही पूजन में आने लगे हैं। ट्रस्टी निलेश गोलछा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारित करने रात्रि धार्मिक पाठशाला का भी संचालित हो रही है। ट्रस्टी डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि आज सैकड़ों बच्चों को दादागुरुदेव की पूजा व जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर गुरुपूजन व इक्किसा जाप पूजा करवाया गया। सर्वप्रथम दादागुरुदेव की प्रतिमाओं की चंदन पूजा व श्री गुरुदेव दयाल को मन में ध्यान लगाय अष्ट सिद्धि नव निधि मिले मन वांछित फल पाय दादागुरुदेव इक्किसा जाप भावपूर्वक किया गया। जैन धर्म में ही भगवान की प्रतिमा में भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि चारों दादागुरुदेव के सम्मुख विधिपूर्वक गुरुवंदन की प्रक्रिया सिखाई गई, बच्चों ने दादागुरुदेव का विधिपूर्वक खमासमना देकर वन्दन किया। अंत में दादागुरुदेव इक्किसा का पाठ किया गया।

# जैन जगत का बढ़ाया गौरव : उत्तराखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता अंडर 17 में पार्थ टोंग्या ने कांस्य पदक जीतकर नेशनल प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई

**हॉटपिपलिया ( विश्व परिवार )।** उत्तराखंड सीबीएसई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर 17 की प्रतियोगिता रुद्रपुर में आयोजित हुई जिसमें लगभग 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हाटपिपलिया के पार्थ टोंग्या ने यथा नाम तथा गुण को सार्थक करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी जगह बनाई। आपको बता दे की पार्थ एक धर्मनिष्ट परिवार से हैं उनके दादा श्री पवन टोंग्या दयोदय गौशाला हॉटपिपलिया के अध्यक्ष भी हैं उन्होंने इसका श्रेय अपने दादा पवन टोंग्या दादी चंदा देवी को दिया। पार्थ तुलास इंटरनेशनल स्कूल देहरादून के छात्र हैं। वे वहा रहकर पूर्णतया जैनत्व नियमों का पालन करते हुए अध्ययन कर रहे हैं।

मुनि श्री 108 निसंग सागर जी महाराज के आशीर्वाद से इन्हें आगे





बढ़ने की प्रेरणा निरंतर मिलती रहती है। पार्थ के पिता आनंद एवं माता रुचि टोंग्या ने देखा कि इसे निशानेबाजी में काफी रुचि है इसे देखते हुए उन्होंने इसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया बेटे को फिर क्या था माता-पिता का इशारा मिल और वह आगे बढ़ चला। और उनके कोच श्री सचिन बेदवान विश्व स्तरीय तीरंदाजी खिलाड़ी रहे हैं। उनका निर्देशन और तकनीक ने इन्हें इस मुकाम तक पहुंचा दिया पार्थ चाहते हैं कि वे आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में आगे बढ़ते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश एवं नगर का एवं जैन जगत का गौरव बढ़ाऊ पार्थ के कोच कहते है की इसके अंदर निशानेबाजी को लेकर काफी रुचि रहती है और निश्चित ही आगे चलकर यह बहुत नाम कमाएगा।सूचना मिलने पर उनके शुभचिंतकों में काफी खुशी का माहौल रहा एवं उनके माता-पिता एवं परिवारजन के साथ-साथ उन्हें भी काफी शुभकामनाएं मिलने लगी एवं कोच को भी काफी धन्यवाद प्रेषित किया गया। निश्चित रूप से छोटी उम्र में शिक्षा के साथ-साथ अन्य रुचि भी होना चाहिए यह पार्थ ने परिलक्षित कर दिया।

कहा जाता है कि खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब उसे झुठलाते हुए उन्होंने बता दिया कि खेलकूद में भी अच्छा प्रदर्शन करके नवाब बन जा सकता है और नाम कमाया जा सकता है।

-**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

# कर्म संभाल कर करना चाहिए कर्म को किसी पर कोई दया नहीं है : मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज

## जैन समाज ने किया डीआईजी सुनील कुमार का सम्मान, कहा- इस चातुर्मास में सागर की संस्कृति को देशभर के श्रद्धालु देख रहे हैं

**सागर ( विश्व परिवार )।** कर्म संभाल कर करना चाहिए कर्म को कोई दया नहीं है वह घानी में पिलवा दे अग्नि से जला दें इसलिए तो कहा गया कि प्रथमानुयोग को पढ़ें अध्यात्म पड़ने के बाद इतनी तीव्र कषाय जागतीं है कि वह झुकना भूल जाता है ये जो अध्यात्मी है नाउनके कोई सहनशीलता नहीं होती वह खानें पीने एक दिन को भी नहीं छोड सकता उनसे कहा दो कि संयम ले लो ये ले ही नहीं सकते पाप कर रहा है तो पापी है स्वीकार करना सीखो सत्य को स्वीकार करना सीखो जो सत्य है तो है सत्य को स्वीकार करना पड़ेगा दुनिया में तुम एक व्यक्ति चुन लेना जिससे कुछ नहीं छुडाना उक्त आश्य केउद्गार भाग्योदय तीर्थ सागर में विशाल सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

सागर समाज की अपार भक्ति से देशभर की समाज अविभूत है- इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि सागर समाज की अपार भक्ति झलक रही है जिस दिन से गुरु देव ने सागर जिले में प्रवेश किया तव से ऐसा कोई दिन नहीं वीत रहा जिस दिन कोई नया आयाम स्थापित हो रहा हो हमारे बीच परम पूज्य गुरुभक्त सागर संभाग के डी आई जी सुनील कुमार जैन पधारे हैं चाहे कटनी हो दमोह कुंडलपुर जहां भी गुरु देव विराजे आप पहुंच कर धर्म लाभ प्राप्त करते रहते हैं।

इस दौरान चातुर्मास कमेटी गौरव अध्यक्ष राजेंद्र जैन सुरेन्द्र कुमार बद्दू कार्याध्यक्ष राजेश एडवीना सर्वाध्यक्ष आशीष पटना महामंत्री राजकुमार मिनी मुख्य संयोजक ऋषभ बांदरी कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र डवडेरा शिविर संयोजक साहिल डवडेरा प्रशांत जैन सानोधा अंकित जैन नेता मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय जैन धुर्रा सहित अन्य भक्तों ने माला चित्र साल श्री फल भेंट कर सम्मानित किया।



सागर में चल रहा है ऐतिहासिक चातुर्मास- डी आई जी सुनील कुमार- इस दौरान डी आई जी सुनीलकुमारजैन ने कहाकि सागर जिले की धार्मिक संस्कृतिक क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है और जिस सभा हम सब उपस्थित उस सभा के नायक निर्यापक श्रमणमुनि पुंगवश्री सुधा सागर जी महाराज की ये कर्म भूमि रही है ऐसे में इस नगर में इतिहास रचना जाना स्वाभाविक है जैसा कि अभी कहां गया प्रतिदिन यहां एक नया इतिहास वन रहा है ये सभी के लिए बहुत आनंद दे रहा धार्मिक आयोजनों के साथ बुंदेलखंड की संस्कृति को देशभर में एक नई पहचान मिलेगी उन्होंने कहा मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की प्रेरणा से कि विगत दिनों सागर में जो संस्कारो की वायर निकली उसने हमारे संभाग का गौरव बढ़ाया है उन्होंने कहाकि चाहे कटनी हो दमोह या अशोक नगर में पदस्थ रहते हुए वहां की परम्परा को समझने का मौका मिला।

परिग्रह के साथ आत्मा का अनुभव असंभव है- उन्होंने कहा कि परिग्रह के साथ कुछ भी अनुभव मैं नहीं आयजगा उन्होंने कहा कि जिनवाणी कह रही है कि तुम भगवान हो द्रव्यानुयोग में लिखा है यही तो समझा रहा हूं यदि मां झूठ ना बोले तो वह मां नहीं मां तो झूठ बोल रही है आज समयसार पड़ने वालो की मजाक क्यों हो रही है कहते कुछ हैं और करते कुछ और है कहते हैं कि मैं शुद्ध बुद्ध हूं अजर अमर अविनाशी है और सभा में सर्प आ जाये तो सब भाग लेते है जो समय सार ? में लिखा है घर ग्रहस्थि में आत्मा अनुभव ग्रहस्थ को हो ही नहीं सकता एक धागा भी परिग्रह का ? है तो कुछ भी अनुभव मैं आ ? ही नहीं सकता एक मां अपने बेटे को गोदी में लेकर राजा बेटा कहती हैं बिल्कुल सफेद झूठ बोल रही है उसको पता है कि वह राजा नहीं है यदि बेटा बाजार में जाकर कहने लगे तो मजाक बनकर रह जायेगा दुनिया में कहीं चले गए सब जगह मजाक ही बनेगा मां के पास बेटा पहुंच कर कहेगा फिर भी वह अपने बेटो राजा बेटा ही कहेगी ऐसे ही जिनवाणी है जो अपने बेटे को राजा बेटा कह रही है। -**विजय धुर्रा**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक:** WRS-R-23-24-debris-RT/1347 दिनांक: 16.09.2024 **कार्य का नाम:** वैगन से मलबे की सफाई और उसी (मलबे) का निर्दिष्ट स्थानों पर निपटान करना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 9,94,787.18 (रु. नौ लाख चौरानबे हजार सात सौ सतासी और अठारह पैसे मात्र) 18% जीएसटी सहित। **मात्रा और संविदात्मक अवधि:** संलग्नक के अनुसार, 15 (पंद्रह) महीनों की अवधि के लिए, **निविदा प्रपत्रों की लागत (रु.):** 0.00 (शून्य), **बयाना राशि:** ₹ 19,900.00 (रु. उन्नीस हजार नौ सौ मात्र), **निविदा समाप्ति तिथि और समय:** दिनांक **09.10.2024** को **15:00** बजे। **बिड प्रारंभ होने की तारीख:** दिनांक **25.09.2024**, **पात्रता मापदंड:** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता,**
**वैरिशा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**रायपुर**

PR/R/WRS/PC/128

South East Central Railway @secrail

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर रविवार 22 सितंबर 2024



## संक्षिप्त समाचार

### कृषि समूह के अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

**मोहला(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने गत दिवस कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कृषि, उद्यान, सहकारिता,मछली,पशु-पालन, पशु-चिकित्सा, रेशम पालन, एनआरएलएम, मनरेगा की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजना के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा किया। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने निर्देशित किया। सभी विभागो व जनपद पंचायत के एनआरएलएम, बीपीएम को निर्देशित किया गया कि लखपति दीदी योजना अंतर्गत विभिन्न विभागों के अभिसरण से कार्य योजना तैयार कर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वित्तीय व भौतिक लक्ष्य की अपेक्षित प्रगति में कमी पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अंतर्गत अब तक लाभांवित हितग्रहियों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि किसानों और लाभार्थी के आर्थिक स्तर में सुधार की दिशा में योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन होने से उन्हें सशक्त बनाया जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की कमी पर संबंधित अधिकारी पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय आह्वान पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा,स्वच्छता अभियान ग्राम रामजानकी मंदिर कोकड़ी में साफ़ सफ़ाई किया गया,जिसमें गाँव के वरिष्ठ जन एवं महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। नगर पालिका परिषद के सभापति वंशगोपाल सिन्हा ने कहा स्वच्छता का हमारे जीवन विशेष महत्व है क्यों के एक स्वस्थ तन और मन का निर्माण स्वच्छ वातावरण से ही होता है है इसलिए हमे स्वच्छता पर कार्य करना आवश्यक है ।साथ ही सेवा पखवाड़ा के मंडल सह संयोजक प्रकाश सोनी कहा ने हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से सेवा पखवाड़ा प्रारम्भ हुआ है जिसके तहत आज हमने ग्राम पंचायत कोकड़ी के रामजनकी मंदिर में स्वच्छता का कार्य किया एवं स्थानीय लोगो से अपील किया कि अपने आस-पास स्वच्छता बनाये रखें सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें अनेक स्थानों पर स्वच्छता का कार्य किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम में ग्राम कोकडी की महिलाऐं भी ? शामिल ? होकर कार्यक्रम में सहभागी बने ।इस कार्यक्रम में जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू ग्राम पंचायत कोकडी के उपसरपंच संजू साहू,गरियाबंद नगरपालिका के सभापति वंशगोपाल सिन्हा मंडल के सह संयोजक प्रकाश सोनी भीम साहू सूरज सिन्हा सौरभ पांडेय सहित ग्राम पंचायत कोकडी के लोग उपस्थित रहे।

### रक्षित केंद्र कोरबा परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल परेड का रिहर्सल किया गया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बलवा और दंगा के दौरान जब उत्पाती बेलगाम हो गए तो उन्हें रोकने के लिए सख्ती जरूरी होती है। आज पुलिस ने ऐसा ही सिनेरियो पिक्चराइज किया। परेड ग्राउंड रक्षित केंद्र में बलवा ड्रिल परेड का रिहर्सल कराया गया। जिसने पहली बार देखा, उसे लगा कि वाकई कुछ गड़बड़ हुआ है। शुक्रवार को परेड सलामी पश्चात करीब 118 पुलिसकर्मी को बलवा ड्रिल अभ्यास कराया गया। इसमें अश्रु गैस, वज्र वाहन, केन पार्टी, लाठी पार्टी , आर्म्स पार्टी , बलवा पार्टी, वरुण (वाटर कैनन दस्ता), एंबुलेंस पार्टी सम्मिलित हुए। अभ्यास में पुलिस की एक पार्टी दंगाई और दूसरी पार्टी बलवा ड्रिल की किट पहनकर इन्हें रोक रही थी। जैसे ही दंगाई ने पथराव और उपद्रव शुरू किया तो पुलिसकर्मियों ने पहले बैरीकेड से इन्हें रोका। जब अनियंत्रित हो गए तो अश्रु गैस के गोले छोड़े। फिर कैन, लाठी और राइफल पार्टी के माध्यम से ड्रिल पूर्ण किया गया। ड्रिल अभ्यास में सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थानाध्चैकीध्पुसके के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।ड्रिल अभ्यास के माध्यम से पुलिस को बेहतर रूप से ऐसी परिस्थिति से निपटने के संबंध में बताया गया। जिले में आपराधिक मामलों में रोकथाम के साथ कई और तरीके अपनाने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। एसपी ने इस सिलसिले में समीक्षा बैठक ली। इसमें प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पीपीटी के माध्यम से थानों में पेंडिंग अपराध और शिकायत संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाए। उन्होंने मर्ग और चालान की समीक्षा की और विवेचना का स्तर उन्नयन करने के निर्देश दिये। बैठक में यह भी कहा गया कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार जैसे नशा, जुआ, सट्टा, कबाड़ बिल्कुल नहीं चलने चाहिए। जहां कहीं डीजे एवं ध्वनि प्रदूषण के मामले नजर में आएं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**शासन के स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने की जरूरत**

**नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्रों की साफसफाई करने के दिए निर्देश**




**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज राजनांदगांव विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में सभी मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर नागरिकों को मिल रहे स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं आने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों के कर्मचारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव, गर्भवती पंजीयन, टीकाकरण, गैर संचारी रोग कार्यक्रमों, चिरायु, पोषण पुनर्वास केन्द्र, कुष्ठ, रक्त अल्पता, सिकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति आमजनों में जागरूकता होनी चाहिए, इसके लिए बेहतर से बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में समय पर चिकित्सक, सहयोगी स्टाफ तथा मैदानी अमले की उपस्थिति रहे। स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई नियमित रूप से होना चाहिए। इसका विशेष ध्यान देने के निर्देश सभी डॉक्टर, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक को दिए गए। नियमित रूप से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की पोर्टल में एंट्री भी सुनिश्चित करें। जिससे दी गई सेवाओं का ऑनलाइन प्रदर्शन हो सके। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सेक्टर बैठकों में सभी अमले के द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा आगामी एक माह में सभी कार्यक्रमों में प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर सर्व संबंधितों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों में राज्य, जिले, विकासखंड के औसत अनुसार प्रगति किसी भी केंद्र की कम नहीं होनी चाहिए। सभी पात्र हितग्राही का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए घर-घर जाकर कार्ड बनाया जाए और इसकी सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी के समस्त वार्डों का भ्रमण कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा जनसामान्य को प्रदान करने प्रभारी को निर्देशित किया। सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी को प्रदर्शन बेहतर किए जाने हेतु सभी स्टाफ द्वारा सम्मिलित प्रयास किए जाने आवश्यक निर्देश दिये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले के सभी विकासखंड में आगामी दिवस में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। स्वाइन फ्लू की निगरानी सभी स्तर में हो इसकी विशेष निगरानी किया जाए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला नोडल अधिकारी, जिला डाटा प्रबंधक, जिला सलाहकार, खंड चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल अधिकारी उपस्थित थे।

# जगदलपुर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र का उदघाटन

**बस्तर की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी,अब राजधानी एवं अन्य शहरों पर निर्भरता खत्म**




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** संभाग मुख्यालय जगदलपुर के कलेक्टोरेट परिसर में शनिवार को सांसद बस्तर महेश कश्यप ने पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र का उदघाटन कर बस्तर की जनता को बधाई दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद ने कहा कि देश की आजादी के 78 वर्ष बाद पासपोर्ट कार्यालय बस्तर के लोगों के लिए नई सौगात है। अब बस्तर के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई और पासपोर्ट बनवाने के लिए राजधानी एवं अन्य शहरों पर निर्भरता खत्म हो गई। पासपोर्ट कार्यालय खुलने से दुनिया का द्वार खुल गया और अब व्यवसायी, मजदूर, विद्यार्थी सब अपने काम के लिए विदेश जा सकेंगे। उन्होंने नवीन पासपोर्ट कार्यालय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह 2047 तक विकसित भारत की उनकी परिकल्पना को साकार करने की दिशा में बढ़ता कदम है। आरंभ में विदेश मंत्रालय के सयुंक्त सचिव एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी डॉ.केजे श्रीनिवासन ने बताया कि बस्तर में देश का 442 वां पासपोर्ट कार्यालय शुरू हुआ है। कांकेर में कल 20 सितम्बर को ही नवीन पासपोर्ट कार्यालय प्रारंभ किए हैं। बस्तर जैसे दूरदराज ईलाके के लोगों के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, राजनांदगांव, जांजगीर, रायगढ़,अम्बिकापुर, कांकेर के बाद बस्तर के पासपोर्ट सेवा केन्द्र से अब तक प्रदेश में एक लाख 36 हजार लोगों को पासपोर्ट प्रदान किया गया है। वहीं पूरे देश में अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को पासपोर्ट जारी किया जा चुका है। विदेश विभाग द्वारा डाक विभाग के सहयोग से सभी 543 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र शुरू करने के लिए कटिबद्ध है और इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है।

## हेमिन बाई को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वाभिमान से जीने का आधार

**पक्का मकान मिलने पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को कहा शुक्रिया**

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** समाज एवं परिवेश में परिवर्तन जैसे जीवन में परिवर्तन का आगाज। ऐसी एक बदलाव, जागरूकता, सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं स्वाभिमान की मिसाल प्रधानमंत्री आवास योजना है, जिसने सफलता की नई ईबारत लिखी है। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के आवास के सपने को पूरा करने की एक उम्मीद है। प्रधानमंत्री आवास योजना से न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि महिलाओं को स्वाभिमान से जीने के लिए एक आधार दे रही है। इसकी ऐसी ही बानगी राजनांदगांव जिले में दिखाई दी। कौरिनभाठा वार्ड नंबर 45 की निवासी श्रीमती हेमिन बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत पक्का आवास प्राप्त हुआ है। श्रीमती हेमिन बाई ने बताया कि उनके पति की मृत्यु के बाद उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई और बच्चों को पढ़ाने-लिखाने की जिम्मेदारी भी है। पहले कच्चे घर में बहुत दिक्कत होती थी। खपरा लगाने एवं मरम्मत में भी व्यय होता था और बारिश में पानी टपकने से भी परेशानी होती थी। बारिश के दिन में इस कारण बच्चों का स्वास्थ्य खराब रहता था और पढ़ाई-लिखाई पर भी असर पड़ता था। यह पक्का मकान उनके लिए बहुत मायने रखता है। अब जब से पक्का मकान बना है, तो बहुत सुविधा और राहत मिल गई है और हम लोग खुशी के माहौल में सुरक्षित अपने घर में रह रहे हैं।

## तेंदुए ने बुजुर्ग महिला पर किया अटैक, जख्मी हालत में जिला अस्पातल में भर्ती

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले के छुरा ब्लॉक के ग्राम सरायपाली में शनिवार सुबह तेंदुआ के हमले से एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला सुबह करीब 5:30 बजे अपने खेत जा रही थी, इस दरम्यान तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। महिला ने शोर मचाया, तो आज पास के ग्रामीण पहुंचे और तेंदुआ को भगाया। तब तक महिला बुरी तरह जख्मी हो चुकी थी। उसे गरियाबंद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।जानकारी मुताबिक ग्राम सरायपाली की रहने वाले तुलसी बाई पति स्व. जेठूराम गोंड़ रोज सुबह की तरह अपने खेत जा रही थी ।तभी जंगल के पास तेंदुआ ने हमला कर दिया। तेंदुआ के हमले से महिला ने शोर मचाया ।शोर शराबा सुन ग्रामीण पहुंचे ।घायल महिला की नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए ।जहां से बेहतर उपचार हेतु गरियाबंद जिला अस्पताल रिफर कर दिया ।जिला अस्पताल में उपचार जारी है ।इधर,घटना के बाद से गांव में दहशत माहौल है ।वन विभाग ने मुनादी कर ग्रामीणों को जंगल और खेत में अकेले ना जाने तथा जरूरी होने पर साथ में डंडा लेकर जाने की अपील की है ।उन्होंने कहा की सुबह-सुबह और शाम के समय इसका विशेष ध्यान रखें ।इसके अलावा महिला को प्रांभिक इलाज के लिए तीन हजार की सहायता राशि प्रदान की है।

## कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**शिक्षकों, स्कूली बच्चों एवं आमजनों सहित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता की दिलाई शपथ**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत जिले 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ।इसी क्रम में आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल परिसर गरियाबंद में वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी के माध्यम से इलेक्ट्रिक डेम,हेल्थ एंड क्लीननेश,बॉटल गार्डन,गीला कचरा,सूखा कचरा,वाटर जलचक्र सायकल,बीजों का अंकुरण,हेल्थ हाईजिन,सेव ट्रीस,वेस्ट मेनेजमेंट,कचरा प्रबंधन सहित अन्य मॉडल के माध्यम से बच्चों ने कचरा प्रबंधन एवं निपटान के तरीके प्रदर्शित किये ।इसी तरह स्वच्छता पर आधारित रंगोली, चित्रकला, भाषण, कविता प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया ।इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अनुपयोगी वस्तुओं से दैनिक जीवन में उपयोगी चीजे बनाने के प्रोजेक्ट का भी अवलोकन किया ।उन्होंने बच्चों द्वारा वेस्ट मटेरियल से बनाए आर्ट प्रदर्शनी देखकर उन्हें लगातार वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए नई चीजें सीखने के लिए प्रोत्साहित किया ।इस दौरान मॉडल चित्रकला,रंगोली,भाषण,कविता प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव,जिला शिक्षा अधिकारी ए.के.सारस्वत,प्राचार्य अल्का दानी,डीएमसी केएस नायक,एलडीएम मो.हाफिज,सीईओ जावेद जाफरी,सीएमओ संध्या वर्मा,स्वच्छ भारत के मिशन समन्वयक परवेज हनफी,धनराज विश्वकर्मा,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य केसर निर्मलकर सहित शिक्षकगण, स्कूली बच्चे अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। स्वच्छता के लिए स्वयं जागरूक रहकर अपने घर के समान ही आसपास में साफसफाई रखना चाहिए ये हमारा नैतिक कर्तव्य है।

# गांव को स्वच्छ रखने स्वभाव और संस्कार में लाना होगा स्वच्छता - कलेक्टर

**कलेक्टर ने युवोदय बनकर की साफसफाई और ग्रामीणों को किया जागरूक**

**गांव को स्वच्छ, सुन्दर और बीमारी मुक्त बनाएं**



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल आज ग्राम पंचायत बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल युवोदय बनकर ग्रामीणों के साथ सड़क किनारे पड़े झिल्ली, प्लास्टिक व पन्नी के ढेर की सफाई की और उपस्थित ग्रामीणों को कचरे से होने वाली बीमारियों और समस्याओं के संबंध में जागरूक किया। कचरे के निपटान के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कर लोगों को गांव को स्वच्छ रखने की अपील की। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने युवादेय की टीम के वॉलिंटियर के साथ मिलकर सघन साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक और नृत्य के माध्यम से ग्रामीणों को अपने आस-पास और गांव को स्वच्छ और सुन्दर रखने का संदेश दिया गया। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा बोतल ब्रिक्स, कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत फ्लावर पॉट की प्रदर्शनी, सुन्दर पेंटिंग भी की गई। बच्चों द्वारा कैसे अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं निर्माण कर सकते हैं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी स्वच्छता दीदी को सुरक्षा किट प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उपस्थित ग्रामीणों एवं बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही हमें अपने गांव में भी साफ-सफाई रखने की जरूरत है। कलेक्टर ने कहा कि अपने स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता की भावना लाना होगा। कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करें, ताकि गांव प्लास्टिक मुक्त हो सके। यदि हमारा गांव स्वच्छ नहीं होगा तो हम और हमारे बच्चे बीमार हो सकते हैं। इसके लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके निकालना होगा और उसे स्वच्छता दीदी को देना है। उन्होंने ग्रामवासियों को गांव को स्वच्छ रखने और गंदगी से होने वाली समस्याओं और बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक की पन्नी को कही पर भी फेंक देने से वह नालियों में जाकर जाम हो जाती है। जिससे पानी की निकासी नहीं हो पाती है। जिसके कारण कई प्रकार के डेंगू, मलेरिया, डायरिया जैसी कई प्रकार की बीमारियां फैल सकती है। इसके लिए घर के साथ-साथ अपने आस-पास और गांव की गलियों की सफाई रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी को साथ मिलकर गांव को स्वच्छ रखने का प्रयास करने कहा। उन्होंने कहा कि गांव की गलियों में पानी नहीं जमा नहीं होना चाहिए।

## व्यापार समाचार

### एशियन पेंट्स नियोभारत ने ग्रामीण भारत के 'प्रगति के रंग' दिखाने के लिए यूट्यूब क्रिएटर्स के साथ साझेदारी की है

**नईदिल्ली।** अग्रणी पेंट और डेकोर ब्रांड एशियन पेंट्स, जो भारत भर में घरों और जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, की ओर से गर्व से पेश है 'प्रगति के रंग', एक ऐसी कंटेंट सीरीज़ जो एशियन पेंट्स के नियोभारत लेटेक्स पेंटद्वारा शामिल की गई प्रगति की भावना को कैप्चर करती है। यह सीरीज़ यूट्यूब क्रिएटर्स और छोटे शहरों के व्यक्तियों की प्रेरक कहानियों की सराहना करती है और इसमें एक सुनहरे भविष्य की ओर उनकी इस बदलाव यात्रा को दिखाया जा रहा है। 'प्रगति के रंग' सिर्फ व्यक्तिगत विकास को ही नहीं दिखाती है बल्कि यह ग्रामीण भारत में नियोभारत लेटेक्स पेंट के प्रभाव को भी दिखाती है। एशियन पेंट्स का लक्ष्य इन दूरदर्शी कहानियों की मदद से ग्रामीण भारत के समुदायों की कहानियाँ दिखाकर ग्रामीण ऑडियंस से जुड़ना है और इस बात पर ध्यान दिलाना है कि ये समुदाय देश की प्रगति में कैसे योगदान देते हैं। एशियन पेंट्स के 'प्रगति के रंग' में चार यूट्यूब क्रिएटर्स की प्रेरक कहानियाँ हैं, जो भले ही छोटे शहरों से आते हैं, फिर भी अपनी प्रेरणादायक कहानियों और कंटेंट की मदद से सोशल मीडिया पर उनके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं। इस सीरीज़ में सोनीपत के एक फिटनेस क्रिएटर और राष्ट्रीय क्रिएटर पुरस्कार विजेता अंकित बैयानपुरिया को दिखाया गया है, जो नियोभारत लेटेक्स पेंट्स के साथ मिलकर एक स्थानीय अखाड़े को फिर से एक नया रूप देकर इसकी दीवारों को युवा पहलवानों के सपनों को दिखाने वाले ग्राफ़िक्र आर्टवर्क से भर रहे हैं।

### जयपुर रग्स की हाथों से बनाई गई कलाओं का शानदार मेला

**नईदिल्ली।** वार्षिक महोत्सव में हाथ से बुने कालीनों का देखें जादू, कारीगरों को संरक्षकों से जोड़ें भारत की समृद्ध कपड़ा विरासत की प्रतीक और हाथ से बनी कालीनों के निर्माण में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी जयपुर रग्स ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम रग उत्सव की शुरुआत की घोषणा की है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसा उत्सव है जो व्यापर से आगे जाकर ग्रामीण भारतीय कारीगरों की कला और दुनिया भर के ग्राहकों की पसंद को एक साथ लाता है। जयपुर रग्स एक शानदार वित्तीय वर्ष में 975 करोड़ के ग्रुप टर्नओवर के साथ और पुणे और लंदन में नए स्टोरों के सफल लॉन्च के बाद, रग उत्सव एक बार फिर दिलों को लुभाने के लिए तैयार है। भारत, मिलान, दुबई, रूस और चीन जैसी जगहों पर 17 स्टोरों के साथ, ब्रांड अब भारत में विशेष रूप से एक महीने का उत्सव आयोजित करने के लिए तैयार है, जो इसके भारतीय लोकेशंस और इसकी वेबसाइट पर एक यादगार अनुभव प्रदान करता है। रग उत्सव, भारत की समृद्ध हस्तनिर्मित कालीन और गलीचों की परंपरा का एक माह लंबा उत्सव है। पिछले वर्ष के आयोजन ने शानदार सफलता प्राप्त की, जिसमें जयपुर रग्स के भारत भर के स्टोर्स और ऑनलाइन चैनलों से 15 करोड़ की बिक्री हुई। इस वर्ष, देशभर में जयपुर रग्स सशक्त उपस्थिति के साथ, एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं, जिसमें ?50 करोड़ का राजस्व प्राप्त करने का अनुमान है। रग उत्सव जयपुर रग्स के कारीगरों के उत्कृष्ट हस्तशिल्प को सम्मानित करता है और उनकी कृतियों को वैश्विक दर्शकों से जोड़ता है, जिससे जयपुर रग्स की परंपरा और आधुनिक डिजाइन के बीच सेतु निर्माण की दृष्टि को और सुदृढ़ किया जा सके। रग उत्सव में, मेहमानों को 5,000 से ज्यादा बेहतरीन रगों के एक जबरदस्त सिलेक्शन को देखने का मौका मिलेगा, जिनमें से हर एक परंपरा, संस्कृति और शिल्प कौशल की एक अनूठी कहानी कहता है।

### कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' के प्रतियोगियों को टाइगर श्रॉफ, विक्रांत मैसी और करण वाही से प्यार मिला!

**मुंबई।** जबकि कलर्स का 'खतरों के खिलाड़ी 14' फिनिश लाइन के नज़दीक पहुंच रहा है, सेमीफ़िनाले एक्शन से भरपूर होने वाला है, जहां प्रतियोगी डर की सरज़मीं पर अनुभवी सैलानी बन गए हैं! लेकिन अंतिम बोर्डिंग कॉल से पहले, भरपूर ड्रामा, हंसी और रोमांचक स्टंट का मज़ा मिलने वाला है। दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की नकल करते हुए, करण वीर मेहरा ने पूरे जोश से पूरे शो में अभिषेक कुमार की किस्मत का मज़ाक उड़ाया, जिससे दर्शक और रोहित शेट्टी हंस-हंसकर लोट-पोट हो गए। करण ने बड़े मज़े से यह जानने का दावा किया कि शो के बाद सभी प्रतियोगियों ने क्या योजना बनाई है, जिसमें शालीन भनोट भी शामिल हैं, जो उनके अनुसार, ओवरएक्टिंग की अकादमी×स39; खोलने वाले हैं। करण ने शालीन के सिग्नेचर वॉक की नकल भी की, लेकिन रोहित शेट्टी उनकी इस नकल से स्पष्ट रूप से असंतुष्ट थे, जिन्होंने खुद आगे बढ़कर शालीन की तरह चलने की मास्टरक्लास देनी शुरू कर दी, जिससे हर कोई हंसने लगता है। इसके बाद एक भावुक पल सामने आता है, जब अभिषेक कुमार अपने माता-पिता के साथ वीडियो कॉल पर बात करते हैं।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर

संशोधन सूचना

कमांक/2021/व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2024 जगदलपुर दिनांक 19/09/2024

कार्यालयीन मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना कमांक 1897/य.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/ 2024-25 दिनांक 02/09/2024 के माध्यम से कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी बड़ाजी में नवीन भवन निर्माण विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर हेतु मैन्यूअल ऑन लाईन निविदा आमंत्रित किया गया है। जिसमें मेन्यूअल दस्तावेज कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 19.09.2024 है। कार्यालय उपसंचालक उद्यान, जिला बस्तर जगदलपुर के पत्र क्रमांक/उद्यान/लेखा/ 2024-25/1586 जगदलपुर दिनांक 19.09.2024 द्वारा कार्य निरस्त करने के कारण कार्य हेतु आमंत्रित निविदा निरस्त किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी ।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर

जी- 242502634/2


# शाकिब अल हसन बने सबसे उम्रदराज बांग्लादेशी टेस्ट क्रिकेटर



**चेन्नई( एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला रोमांचक नजर आ रहा है। दोनों ही टीमों के गेंदबाजों को पिच से खूब मदद मिल रही है, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने भी दमखम दिखाया और मैच में पकड़ मजबूत रखी। इस बीच शाकिब अल हसन के नाम एक खास रिकॉर्ड दर्ज हुआ। शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट इतिहास में अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने अपना नाम दर्ज करा लिया। वह टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 37 वर्ष और 181 दिन की उम्र में शाकिब चेन्नई में भारत के खिलाफ बांग्लादेश के पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर उतरे और उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद रफीक का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2008 में आखिरी बार 37 वर्ष और 180 दिन की उम्र में टेस्ट मैच खेला था। एक दशक से भी ज्यादा समय से बांग्लादेश क्रिकेट में अहम भूमिका निभाने वाले शाकिब ने इस नई उपलब्धि के साथ अपने शानदार करियर को और भी आगे बढ़ाया है। खेल के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माने जाने वाले शाकिब काफी समय से खेल रहे हैं और टीम के लिए उनके योगदान ने क्रिकेट जगत पर बड़ी छाप छोड़ी है। जबकि शाकिब की उपलब्धि महत्वपूर्ण है, सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम है, जिन्होंने 1930 में 52 वर्ष और 165 दिन की उम्र में अपना अंतिम टेस्ट खेला था। रोड्स का रिकॉर्ड, साथ ही उनका उल्लेखनीय 30 साल का टेस्ट करियर, क्रिकेट की सबसे लंबे समय तक चलने वाली उपलब्धियों में से एक है। हालांकि, मैदान पर बांग्लादेश ने खुद को एक मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ मुश्किल स्थिति में पाया। शुभमन गिल ने तीसरे दिन अपना सातवां टेस्ट अर्धशतक बनाया और ऋषभ पंत अपने 12वें अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, जिससे भारत एक मजबूत स्थिति में है। इससे पहले दूसरे दिन भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बांग्लादेश की बल्लेबाजी लाइनअप पर कहर बरपाया और 50 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जिससे मेहमान टीम पहली पारी में मात्र 149 रन पर ढेर हो गई। शाकिब (32) और विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास (22) जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के प्रयासों के बावजूद बांग्लादेश भारत के पहले पारी के मजबूत स्कोर का अच्छा जवाब देने में संघर्ष करता रहा।

## मेरी और अश्विन के बीच साझेदारी मैच का टर्निंग प्वाइंट रही: रवींद्र जडेजा



**चेन्नई( एजेंसी )।** भारत के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविचंद्रन अश्विन के साथ अपनी 199 रनों की साझेदारी पर कहा कि यह मैच का टर्निंग प्वाइंट था। इस पार्टनरशिप के दम पर भारत ने शुरुआती झटकों से बाहर आते हुए पहली पारी में 376 रन बनाए और मैच में मजबूत स्थिति में है। रवींद्र जडेजा ने कहा, उस समय हम मुश्किल स्थिति में थे, क्योंकि स्कोर 144/6 था। विकेट भी मुश्किल था और पहले सत्र में हमने ढेर सारे विकेट खो दिए थे। लेकिन वहां से मैं और अश्विन साझेदारी बनाने में सफल रहे, जो हमारे लिए निर्णायक मोड़ साबित हुआ और हमने मैच में वापसी की। पहले दिन, जब भारत एमए चिदंबरम स्टेडियम में मुश्किल में था, जडेजा और अश्विन ने पहले दिन 195 रन जोड़े, जो टेस्ट मैच के पहले दिन सातवें विकेट के लिए किसी भी जोड़ी द्वारा बनाई गई सर्वाधिक साझेदारी थी। हालांकि, जडेजा 14 रन से टेस्ट शतक से चूक गए, लेकिन अश्विन के साथ मिलकर अहम भूमिका निभाकर उन्होंने भारत को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से, मैं मुश्किल परिस्थितियों में टीम के लिए अच्छी पारी खेलकर और फिर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाकर खुश हूं, यह मेरे लिए वाकई गर्व की बात है। जडेजा के साथ-साथ चेन्नई टेस्ट में अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ जिस तरह की बल्लेबाजी की, उसके कारण उनकी बल्लेबाजी क्षमता चर्चा का विषय बनी हुई है। अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ 133 गेंदों पर 113 रन बनाए, जिसकी बदौलत भारत ने पहली पारी में 376 रन का स्कोर खड़ा किया।

## ऋषभ पंत ने इंटरनेशनल क्रिकेट में मचाया तहलका धोनी के महारिकॉर्ड की कर ली बराबरी



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** बांग्लादेश के साथ खेले जा रहे चेन्नई टेस्ट मैच में टीम इंडिया की जीत लगभग पक्की हो चली है. भारत ने बांग्लादेश को 515 रनों का लक्ष्य दिया है. चेन्नई टेस्ट की दूसरी पारी में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने सेंचुरी बना दी है. पंत ने शतक लगाने के साथ ही पूर्व भारतीय दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी की बराबरी कर ली है. 638 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने चेन्नई टेस्ट में 128 गेंदों पर 109 रनों की शानदार पारी खेली. इस पारी में उन्होंने 13 चौके और 4 खूबसूरत छक्के भी लगाए. पंत की पारी वाकई लाजवाब रही और हर कोई उनकी शानदार वापसी की तारीफ कर रहा है. टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शतक लगाकर इतिहास रच दिया है. पंत ने 58 पारियों में 6 शतक लगाने का बड़ा कारनामा किया है. इसी के साथ उन्होंने धोनी की बराबरी कर ली है. जहां, एमएस धोनी ने 144 पारियों में 6 सेंचुरी लगाई, वहीं पंत 58 पारियों में 6 शतक लगा चुके हैं. ऋषभ पंत आज दुनियाभर में मौजूद युवाओं के लिए मिसाल बन चुके हैं. उन्होंने 638 दिनों के बाद चेन्नई टेस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और शानदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए शतक ठोक दिया. उन्होंने इससे टेस्ट टेस्ट दिसंबर 2022 में खेला था. उसके बाद 30 दिसंबर को पंत को भयानक एक्सीडेंट हुआ था, जिसके कारण लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा. उन्होंने इस साल जून में इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी. अब उनकी टेस्ट में एक यादगार वापसी हो गई है.


## रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्रवर्तकों और निवेशकों से मिलेगी 3,010 करोड़ की नई पूंजी

### कर्ज भी होगा जीरो




**मुंबइ( एजेंसी )।** अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्रवर्तकों से 1,100 करोड़ रुपये इक्विटी निवेश के जरिये और मुंबई के दो निवेश फर्मों से 1,910 करोड़ रुपये मिलने जा रहा है। कंपनी ने आज शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। इससे पहले, गुरुवार को कंपनी के बोर्ड ने 6 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त रकम जुटाने की योजना को मंजूरी दी थी। इनमें से 3,014 करोड़ रुपये तरजीही शेयर के जरिये और 3 हजार करोड़ रुपये पात्र संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिये जुटाए जाने थे। पहले चरण में कंपनी 3,014 करोड़ रुपये का तरजीही प्लेसमेंट जारी करेगी जिसके तहत 240 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 12.56 करोड़ इक्विटी शेयर अथवा परिवर्तनीय वारंट जारी किए जाएंगे। इस निर्गम में से 1,104 करोड़ रुपये का निवेश रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्टर के प्रवर्तक अपनी कंपनी राइज इन्फिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिये करेंगे। राइज 4.60 करोड़ शेयर खरीदेगी। तरजीही शेयर में शामिल होने वाले दो अन्य निवेशकों में मुंबई की फॉर्च्यून फाइनैंशियल ऐंड इक्विटीज सर्विसेज और फ्लोरिनट्री इनोवेशंस एलएलपी शामिल है। फॉर्च्यून फाइनैंशियल ऐंड इक्विटीज सर्विसेज तरजीही निर्गम के जरिये 4.41 करोड़ शेयर खरीदकर 1,058 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और फ्लोरिनट्री इनोवेशंस 852 करोड़ रुपये लगाएगी। कंपनी को 3.55 करोड़ शेयर मिलेंगे। फ्लोरिनट्री का स्वामित्व ब्लैकस्टोन के पूर्व अधिकार मैथ्यू सिरीक हैं और फॉर्च्यून फाइनैंशियल का स्वामित्व निमिष शाह के पास है। रिलायंस इन्फ्रा में प्रवर्तकों की 21.34 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा, तरजीही निर्गम के जरिये रिलायंस इन्फ्रा की कुल संपत्ति 9 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 12 हजार करोड़ रुपये हो जाएगी और कंपनी पर कोई कर्ज भी नहीं रहेगा। कंपनी पोस्टल बैलेट के जरिये शेयरधारकों की मंजूरी मांग रही है। उससे पहले कंपनी ने अपना ऋण देनदारी भी 87 फीसदी कम कर 475 करोड़ रुपये कर दिया था।

## टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू पैर की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से रिटायर



**सोल( एजेंसी )।** ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को लगातार पैर की चोट के कारण शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की डारिया कसात्किना के खिलाफ कोरिया ओपन के क्वार्टर फाइनल से रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। 21 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने यू युआन के खिलाफ अपने पिछले मैच में असुविधा के लक्षण दिखाए थे, विश्व नंबर 13 के खिलाफ शुरू से ही संघर्ष करती रही। पहले सेट के पांचवें गेम के बाद राडुकानू को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन खेल जारी रखने के प्रयासों के बावजूद उन्होंने शुरुआती सेट 6-1 से हारने के बाद अंततः रिटायर होने का फैसला किया। चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिससे सोल में उनका अभियान छोटा हो गया। अपने आखिरी मैच में राडुकानू ने चीन की यू युआन पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। दुनिया में 70वें स्थान पर काबिज ब्रिटिश खिलाड़ी ने लगातार छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम किया और दूसरे पर कब्ज़ा कर लिया। उसने अंततः अपने सातवें मैच प्वाइंट को बदलकर 6-4, 6-3 से जीत हासिल की और सोल में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कसात्किना का सामना हमवतन डायना श्नाइडर या यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा, शुक्रवार को बारिश की वजह से खेल बाधित होने के बाद मैच शनिवार को होगा। राडुकानू के लिए, यह 2021 में उनकी ऐतिहासिक यूएस ओपन जीत के बाद से चोटों और असंगत प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के बाद शीर्ष फॉर्म हासिल करने की उनकी खोज में एक और झटका है।

## केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डिब्रूगढ़ से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का उद्घाटन किया



**डिब्रूगढ़:** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज सरकार के 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमो में शामिल हुए। सोनोवाल ने शहर के सिविल अस्पताल में आयोजित 'स्वच्छता में जन भागीदारी' के तहत सफाई अभियान में भाग लिया, जिसका उद्देश्य सफाई कर्मचारियों, सरकारी कर्मचारियों और आम लोगों को नियमित सफाई में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना था। एलएससी सांसद (लोकसभा), केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डिब्रूगढ़, चबुआ, तिनसुकिया, मार्गेरिटा, डिगबोई, मकुम, नाहरकटिया और नामरूप के विभिन्न नगर निकायों के तहत काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के लाभ के लिए ऐतिहासिक चौकीडिंगी मैदान में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया, जहां सोनोवाल ने उनसे बातचीत भी की। सोनोवाल ने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी सामाजिक सुरक्षा और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए सभी आवयश्क कदम उठाएगी। इस अवसर पर बोलते हुए सोनोवाल ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय आंदोलन है जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में सफलतापूर्वक चल रहा है। बापू महात्मा गांधीजी के शब्दों से प्रेरित होकर हमारे गतिशील नेता नरेंद्र मोदी जी ने एक दशक पहले इस अभियान की शुरुआत की थी जो आज भी आम लोगों की शानदार प्रतिक्रिया के साथ मजबूती से जारी है। इस वर्ष, इस सेवा पखवाड़े के दौरान, हम 'स्वच्छता ही सेवा' थीम मना रहे हैं क्योंकि हम एक स्वच्छ कल की ओर अपनी यात्रा जारी रखते हैं। इस प्रयास में, हमारे समाज का सबसे महत्वपूर्ण वर्ग हमारे भाई और बहन हैं जो सफाई कर्मचारी के रूप में काम कर रहे हैं। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि हम आज डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र की देखभाल करने वाले 500 से अधिक सफाई कर्मचारियों के साथ एक छत के नीचे बैठे हैं। मैं आज पूरी श्रद्धा के साथ आप सभी के सामने नतमस्तक हूं।

## वोडाफोन आइडिया ने तीन ग्लोबल नेटवर्क भागीदारों के साथ 3.6 बिलियन डॉलर का मेगा सौदा पूरा किया

**नईदिल्ली।** वोडाफोन आइडिया ('वीआईएल' या 'कंपनी') ने तीन वर्षों की अवधि में नेटवर्क उपकरणों की आपूर्ति के लिए नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग के साथ 3.6 बिलियन अमरीकी डॉलर (300 बिलियन रुपये) का मेगा सौदा पूरा किया है। यह सौदा कंपनी की 6.6 बिलियन डॉलर (550 बिलियन रुपये) की तीन साल की पूंजीगत व्यय योजना के क्रियान्वयन की दिशा में पहला कदम है। पूंजीगत व्यय कार्यक्रम का उद्देश्य 4जी जनसंख्या कवरेज को 1.03 बिलियन से बढ़ाकर 1.2 बिलियन करना, प्रमुख बाजारों में 5जी सेवाएं लॉन्च करना और डेटा वृद्धि के अनुरूप क्षमता विस्तार करना है। कंपनी ने अपने मौजूदा दीर्घकालिक भागीदारों नोकिया और एरिक्सन के साथ साझेदारी को कायम रखा है और अब सैमसंग को भी एक नए भागीदार के रूप में शामिल कर लिया है। इन अनुबंधों के जरिये कंपनी नवीनतम अत्याधुनिक उपकरणों का तुरंत लाभ उठा सकेगी और इस तरह ग्राहकों को पहले से बेहतर अनुभव प्रदान कर सकेगी। इसके अलावा, पिछले दो वर्षों में भारतीय बाजार में विक्रेताओं द्वारा हासिल लर्निंग और इनसाइट के माध्यम से मिले इनपुट्स के आधार पर कंपनी अपनी सेवाओं को अनुकूलित कर सकेगी। इस दौरान कंपनी खास तौर पर 4 जी और 5 जी से संबंधित समस्त एडवांस्ड टैक्नोलॉजीज के लिए मॉड्यूलर रोलआउट योजना शुरू करने में सक्षम हो सकेगी।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, सोमवार 23 सितंबर 2024

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1099.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (विसं)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1099.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 22 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2314.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 570.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।



# संक्षिप्त समाचार

## राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्था में भूमि जल और सतही जल प्रबंधन पर दो सप्ताह का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्था (आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई), नया रायपुर, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय भूमि जल मंडल की प्रीमियर संस्था और प्रशिक्षण इकाई में 23 सितंबर से 4 अक्टूबर 2024 तक भूमि जल और सतही जल प्रबंधन पर दो सप्ताह का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। यह कार्यक्रम अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सदस्य देशों की वैज्ञानिक और संगठनात्मक क्षमता को बढ़ाना है। 23 सितंबर को होने वाले उद्घाटन सत्र में एएआरडीओ के सचिव जनरल डॉ. मनोज नरदेव सिंह और केंद्रीय भूमि जल मंडल के अध्यक्ष डॉ. एस. के. अम्बास्ट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के मध्य और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को भूमि जल और सतही जल प्रबंधन में उनकी वैज्ञानिक और संगठनात्मक क्षमता को बढ़ाना है। यह कार्यक्रम अफ्रीकी-एशियाई देशों में अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने के लिए भी है, जो जल सुरक्षा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के परिणाम इस प्रकार हैं- ग्राउंडवाटर सेक्टर में पेशेवरों और हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण में वृद्धि। अफ्रीकी-एशियाई देशों के लिए अनुसंधान क्षमता में मजबूती। स्थायी प्रथाओं के माध्यम से जल सुरक्षा में सुधार। कार्यक्रम में मेजबान संस्थान और अन्य संस्थानों के संसाधन व्यक्ति अपने अनुभव और विशेषज्ञता को प्रतिभागियों के साथ साझा करेंगे।

## वन विभाग के सेवानिवृत्ति अधिकारी दिगंबर देशमुख का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वन विभाग के सेवानिवृत्ति अधिकारी दिगंबर देशमुख (89 वर्ष) साईं वाटिका देवपुरी रायपुर आज 21 सितंबर को निधन हो गया। स्व. देशमुख अतुल और अजय देशमुख के पिता व श्रीमती अलका देशमुख अधिवक्ता राजनादगांव के ससुर थे। स्थानीय मारवाड़ी श्मशान घाट में समाज के रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया... उनकी अंतिम यात्रा में कॉलोनी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए व 2 मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय दिगंबर देशमुख को अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## मुख्यमंत्री आज राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह में होंगे शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 23 सितम्बर को दोपहर 3 बजे राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

# अनंत चतुर्दशी के दिन प्रथम बार श्री जिनेंद्र भगवान हुए नवीन विमान में विराजमान, निकली भव्य शोभा यात्रा













**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर रायपुर में पर्यूषण पर्व के अंतिम दिवस अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान महावीर को मंदिर जी मे नवीन विमान में विराजमान कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, यात्रा मंदिर जी से आरंभ हुई जिसमें बड़े ही उल्लास पूर्वक सभी हाथों में जैन ध्वज लिए, बग्गी में विराजमान हुए उपवास व्रत की साधाना करने वाले साधक, गाजे बाजो के साथ यात्रा शंकर नगर टर्निंग पॉइंट, गली नंबर 6 होते हुए पुन: मंदिर जी पहुंची जहां श्री जी को पांडुकशिला पर विराजमान किया गया एवं अनंत चतुर्दशी का वार्षिक अभिषेक एवं शांतिधारा, पूजन इन्द्रो द्वारा संपन्न की गई इस दौरान बीना श्रुतधाम से पधारे ब्रहमचारी संदीप सरल जी, ब्रहमचारी सुनील भैया



जी एवं जबलपुर से पधारी विदुषी बहन श्रीमती स्नेहलता जी के सानिध्य में सारी धार्मिक क्रियाऐ संपन्न हुई, ब्रहमचारी संदीप सरल भैया जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि जहां के श्रावक अभिषेक शांतिधारा के बाद स्वाध्याय सुनने के लिए बैठ जाते हों उन सभी दुर्लभ श्रोताओं में आप सभी शुमार हैं, उन्होंने कहा कि जिनेंद्र भगवान की इस प्रकार की शोभायात्रा निकालना यह सब धर्म की व्यवहार प्रभावना कहलाती है एवं साधुओं की निर्दोष रत्नत्रय की चर्या निश्चय प्रभावना कहलाती है, हमारे जीवन का लक्ष्य आत्मा को परमात्मा बनाने का होना चाहिए इसलिए हमें अपनी श्रद्धा निर्मल बनाए रखना चाहिए उन्होंने सभी के लिए एक सूत्र दिया कि न्याय से कमाओ, विवेक नीति से खर्च करो एवं संतोष से रहो तो जीवन सफल रहेगा, उन्होंने सभी श्रावकों को एक बार श्रुतधाम बीना पधारने के लिए आमंत्रित किया और वहां से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया। श्री जिनालय में अनंत चतुर्दशी का कार्यक्रम बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ जिसमें श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति शंकर नगर के पदाधिकारियों व समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने सम्मिलित होकर बड़े ही उत्साह पूर्वक पुण्यार्जन किया।

## समाज के वरिष्ठों एवं प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, सामूहिक क्षमावाणी और सम्मान समारोह डीडी नगर में आयोजित





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पर्वाधिराज पर्यूषण के आनंदपूर्वक संपन्न होने पर समाज के सभी लोगों के लिए सामूहिक क्षमावाणी एवं सम्मान समारोह डीडी नगर स्थित सामुदायिक भवन में श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रात: शनिवार को आयोजित किया गया। सेवा समिति के अध्यक्ष सिंघई नरेश जैन, सचिव विकास जैन व कोषाध्यक्ष सिंघई राजेश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में जैन समाज की संख्या कम होने के बाद भी सभी ने बढ़-चढ़कर अपनी धन संपदा का दान किया तथा नित्य पूजन, विधान अनुष्ठानों व भक्ति कार्यक्रमों में दसों दिन अपनी प्रतिभागिता दी। वहीं श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल के माध्यम से महिलाओं एक से बढ़कर एक धार्मिक, समाजिक जागरूकता के कार्यक्रम प्रस्तुत में सहभागिता की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ श्रेष्ठीजनों नरेश सिंघई, विमल जैन, मुलायम चंद जैन, निर्मल चंद जैन, पवन सेठी, शशिकांत जैन, अमृत लाल जैन को शॉल, माला पहनाकर सम्मानित किया गया। पर्यूषण पर्व के ध्वजारोहण कर्ता चंद्रप्रभा जैन परिवार, अखंड ज्योति हेतु अनीता नीतेश जैन, प्रतिदिन होने वाली विशेष शांतिधारा के लिए डॉ. विशाल तृप्ति जैन, विकास राजुल सिंघई, सुरेश चंद्र शुभम जैन, श्री नरेश, राजेश, वर्षा सिंघई, नरेश वंदना सिंघई, संजय तृप्ति जैन, दीपक डॉली जैन, बाहुबली अमिता जैन, डॉ आनंद निर्मल जैन, अशोक अनीता जैन, रविकांत मीना जैन, शशिकांत कमला जैन, महेंद्र कुमार नंदा जैन, अभिषेक कामाक्षी जैन, विमल कुमार अजय जैन, प्रवीण अमिता संघी, मनोज ममता जैन, यशवंत जया जैन, नीलेश रिचा जैन को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आदिश्वर महिला मंडल के दैनिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजकों वर्षा जैन, डॉ. मंजुला जैन, राजुल जैन, प्रतिभा जैन, अनीता जैन, सुमन जैन, ममता जैन, मीता जैन, रश्मि जैन, दिगंबर जैन सेवा समिति, रिचा जैन, अभिषेक जैन, आदिश्वर महिला मंडल, अंजली जैन, डॉली जैन, ज्योति जैन को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दस दिनों तक उपवास करने वाली साधिका कामाक्षी-अभिषेक जैन का विशेष सम्मान किया गया।

## कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज 27 सितंबर से करेंगे पदयात्रा



**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने दिनांक 27 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया है। यात्रा, बलौदाबाजार आगजनी प्रकरण में निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ता व सतनामी समाज के लोगों तथा कवर्धा जिले के लोहारीडीह में घटित हृदय विदारक घटना से साहू समाज के तीन बेटों की हुयी निर्मम हत्या सहित प्रदेश में फैली अराजकता, लचर कानून-व्यवस्था, बढ़ते अपराध व महिला सुरक्षा को लेकर आमजनता को न्याय दिलाने हेतु छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## रयान इंटरनेशनल स्कूल एवं सेंट जेवियर्स हाई स्कूल द्वारा रायन मिनीथॉन-2024 आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायन इंटरनेशनल स्पोटर्स क्लब, शाला के विद्यार्थियों के लिए स्पोटर्स सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए दिनांक 22.09.2024 को रायन इंटरनेशनल स्कूल और सेंट जेवियर्स हाई स्कूल द्वारा रायन मिनीथॉन का आयोजन किया गया। भविष्य में देश को खेल के क्षेत्र में अनोखी उपलब्धि एवं खेल से जुड़े सितारे प्रदान करने हेतु हर साल इस अनूठी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें रायपुर की अनेक शालाओं ने हिस्सेदारी की। इस साल भी प्रतियोगिता का आयोजन भारत के कुल 12 शहरों में आयोजित किया गया जिसमें 202 रायन मिनीथॉन रायपुर में पूरी की गई। इस अवसर पर रायपुर के 65 स्कूलों के लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल हुए, जिसका आरंभ मरीन ड्राइव से होकर समापन रायन शाला में हुआ।

विगत 25 वर्षों से लगातार होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत देश के विभिन्न शहरों से 900000 के लगभग विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसका श्रेय डॉ. ए.एफ. पिंटो एवं डॉ. मैडम ग्रेस पिंटो को जाता है, जो लगातार 1998 से ये प्रतियोगिता आयोजित करते आ रहे हैं। प्रतियोगिता का आरंभ प्रात: 7:00 बजे किया गया जिसमें रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर मिनीथॉन का आगाज किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्य अतिथि के तौर पर सुश्री ललिता मेहर (डिप्टी डीएसपी रायपुर) को आमंत्रित किया गया था।

अलग-अलग आयु सीमा वर्ग अंडर-12 2 कि.मी., अंडर-14 3 कि.मी., अंडर-16 3 कि.मी., अंडर-18 4 कि.मी. में बटी। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया और खेल के प्रति अपनी सक्रियता दिखाई। खेलों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है और ऐसी प्रतियोगिता के द्वारा खेलों के प्रति जागृति निश्चित रूप से आती है। इसलिए हर वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। रायन मिनीथॉन उन बड़ी रोड रेस में से है, जो लगातार 25 वर्षों से होती आ रही है।

जिसमें इसी 202 कड़ी सपलता पूर्वक पूर्ण हुई, जिसमें भारत के अलग-अलग शहरों से लगभग 9 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण के समय मुख्य अतिथि श्री सुनील शर्मा (आई.पी.एस. अधिकारी) तथा उपस्थित सभी अतिथियों को शाला परंपरा अनुसार नन्हा पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाईबिल पठन एवं प्रभु की प्रार्थना से की गई, तत्पश्चात् प्रभु की स्तुति में गीत गाए गए। शाला विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य व सुंदर गीत की प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में बालक-बालका वर्ग समूह से प्रत्येक वर्ग से टॉप 6 अलग-अलग (बालक-बालिका) बच्चों को 34, 800/- नगद राशि एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए रायन इंटरनेशनल शाला रायपुर को चैंपियनशीप का पुरूस्कार प्रदान किया गया।

## लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक की 30वीं वार्षिक आमसभा मिलेनियम प्लाजा में आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्या. रायपुर की 30 वीं वार्षिक आमसभा मिलेनियम प्लाजा काम्पलेक्स जी.ई. रोड रायपुर स्थित बैंक परिसर में आयोजित की गई।

बैंक अध्यक्ष सत्यबाला अग्रवाल ने वर्ष 1994 में बड़े संघर्ष एवं अथक परिश्रम से कुछ महिलाओं को साथ लेकर 15 लाख रु. की अल्प पूंजी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य की इस प्रथम महिला नागरिक सहकारी बैंक की स्थापना की, जो आज बढ़ते हुए लगभग 16, 000 सदस्यों तक पहुँच गई है। बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति बैंक अध्यक्ष श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल के अथक प्रयासों से ही संभव हो सकी है। उस समय जब महिलाओं का अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल होता था ऐसे समय में श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल ने कुछ महिलाओं को साथ लेकर गली, मोहल्ला व घर-घर जाकर लोगो से संपर्क कर लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक की स्थापना के अपने संकल्प को पूरा किया। बैंकिग के क्षेत्र में महिलाओं को सीधे सम्बद्ध कर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने में श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल की अग्रणी भुमिका रही है। इन सब उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कारों एवं सम्मानो से समय-समय पर पुरस्कृत किया जाता रहा है।

उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक अध्यक्ष श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल जी व संचालक मंडल के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया जिसके पश्चात् सहकारिता गीत का गायन श्रीमती स्वाति अमिनए श्रीमती स्वाति शर्माए श्रीमती प्रीति श्रीवास एवं कु. जया निषाद के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैंक अध्यक्ष श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल जी ने कार्यक्रम के उद्बोधन में सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अपनी यात्रा की इस कड़ी में 30 वर्ष पूर्व की अपनी स्मृतियों का उल्लेख करते हुए विभिन्न कठिनाईयों के बावजूद अपनी कभी न हार मानने की प्रेरणा व छत्तीसगढ़ के प्रथम महिलाओं द्वारा संचालित बैंक की स्थापना की चुनौतियों को विशेष रूप से याद करते हुए जीवन की सफलता का मूलमंत्र दिया कि केवल स्वप्न देखने से कार्य सफल नहीं होते उनके लिए अनवरत् प्रयास करना आवष्यक होता है। श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल जी ने बैंक के संचालक मंडल के सदस्यों, सीईओ एवं कर्मचारियों द्वारा कंधे से कंधा मिलाकर बैंक की उन्नति में सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल ने बैंक सदस्यों को इस वर्ष 9 प्रतिषत लाभांष देने की घोषणा की। लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक के सहायक प्रबंधक श्री संजय शर्मा जी ने बैंक की वर्ष 2023-2024 की उपलब्धियों व वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित बजट व वार्षिक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की व साथ ही बताया कि 31.03.2024 को बैंक का अंश पूंजी 501.13 लाख रु., डिपाजिट 13623.21 लाख रु. ऋष्ण एवं अग्रिम 7826.28 लाख रु., कार्यशील पूंजी 17201.80 लाख रु.रही तथा बैंक का शुद्ध लाभ 24.17 लाख रु. एवं सीआरएआर 23.97 प्रतिशत रहा एवं प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह हूरा जी द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए प्रगति प्रतिवेदन का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैंक अपने ग्राहकों को सी.बी.एस. के माध्यम से एस.एम.एस, आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी व ए.टी.एम. कार्ड की सुविधा प्रदान कर रही है व मोबाईल बैंकिंग एवं आई.एम.पी.एस. की सुविधा शीघ्र प्रदान की जाएगी।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354